खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,451.01 निफ्टी 24,750.70
सोना 98,010 चांदी 99,900

लखनऊ, सोमवार 2 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 212 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इन्कार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी, लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा।

## मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसम्बर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हुआ जासूसी नेटवर्क

## पाक से हुए यूपीआई, हवाला लेनदेन से पकड़े गए 12 जासूस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नौ आतंकी ठिकाने तबाह होने पर पाक ने भारत में एक्टिव किए थे जासूस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के 12 जासूसों तक आखिर खुफिया एजेंसियां कैसे पहुंचीं? इस सवाल का जवाब चौंकाने वाला है।

इन एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जब भारत ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, तभी बौखलाए पाक ने भारत में अपने सभी जासूस एक्टिव किए। उनसे सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से भारतीय सैन्य ठिकानों, सेना के मूवमेंट्स, सैन्य बेस, एयरबेस की संवेदनशील जानकारियां मंगाना तेज कीं। इसके लिए इन्हें पाकिस्तान से पे-पल पेमेंट एप, ऑनलाइन गैंबलिंग एप, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, हवाला, यूपीआई और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक मिले। सीजफायर के बाद भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर वे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन नंबर आए, जो लड़ाई के दौरान लगातार एक्टिव थे और आईएसआई उनसे संपर्क में थी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से भारत में हुए हवाला, यूपीआई और बिटकॉइन ट्रांजेक्शन की जानकारी डार्क वेब पर मिली। इन ट्रांजेक्शन्स की पड़ताल में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा, अरमान, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, मोहम्मद मुर्तजा अली, सुखप्रीत सिंह, करनबीर सिंह, नोमान इलाही, हारून, तुफैल, सुखदेव सिंह गोहिल, शहजाद और मोतीराम जाट की जानकारी मिली। गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी दी गई। यदि कार्रवाई में जरा भी देरी होती, तो जासूस भाग सकते थे। इसलिए तय हुआ कि जो जासूस जिस राज्य का है, वहां की जांच एजेंसी को पकड़ने की जिम्मेदारी दें। नतीजा इन 12 समेत 15 पकड़े गए।

## नौ दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

### 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस, बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखन

## दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश, छाया अंधेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 76 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। रविवार शाम को दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

शाम करीब 5 बजे 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई जगहों पर हल्की से मध्यम और भारी बारिश भी देखने को मिली है। शाम को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। कई जगहों पर तेज आंधी की वजह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के लिए पहले ही अलर्ट जारी किया था। दिल्ली के प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्रों में भी 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं दर्ज की गईं। कई जगहों पर पेड़ों के टूटने और वाहनों को नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कई इलाकों में बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। दिल्ली के पालम, झरोदा कलां, सफदरजंग समेत कई इलाकों में शाम करीब 4.30 बजे 37 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं दर्ज की गईं।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में बनी सहमति

**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है।



## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। अब्बास अंसारी ने 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीत दर्ज की थी, जब सुभासपा का समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन था।






## डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा: कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना हो सकती है, आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारा 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।

दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पूर्व कोर्ट ने अन्य मामले जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना। दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने एक महिला के उत्पीड़न और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और ससुराल वालों को बरी करने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए बरी कर दिया था।




## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में झील में डूबने से चार किशोरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के चाकन के पास एक झील में शनिवार को तैरते समय चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने आज इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कल शाम को चारों शव पझर झील से बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार कल तैरते समय लड़के झील की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। जब वे घर नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने अधिकारियों को सूचित किया। पीड़ितों की पहचान ओमकार बाबासाहेब हांगे (13), श्लोक जगदीश मानकर (11), प्रसाद शंकर देशमुख (11) और नैतिक गोपाल मोरे (12) के रूप में हुई है। ये सभी मेदंकरवाड़ी के रहने वाले थे। वे प्रवासी श्रमिकों के परिवारों से थे और रोजगार के लिए चाकन में आए हुए थे। पुलिस के अनुसार झील के किनारे लड़कों के कपड़े और जूते मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय निवासी, चाकन पुलिस और ट्रेकिंग समूह बचाव प्रयासों में शामिल हुए और शाम तक चारों शव बाहर निकाल लिए गए।

### कर्नाटक में मछली पकड़ने पर दो माह का प्रतिबंध

**कारवार।** कर्नाटक के तटीय इलाकों में मछली पकड़ने पर दो महीने का वार्षिक प्रतिबंध लागू हो गया है। इसका उद्देश्य समुद्री संसाधनों का संरक्षण करना और मानसून के मौसम में मछलियों की संख्या में वृद्धि करना है। एक जून से 31 जुलाई तक के प्रतिबंध के दौरान हालांकि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर निर्भर हजारों मछुआरों की आजीविका के नुकसान की आशंका के कारण नाव मालिकों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के नेताओं ने सरकार से इस अवधि के दौरान प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करने का आग्रह किया है। प्रतिबंध के तहत ट्रॉल बोट और पर्स सीन जहाजों के संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि केवल पारंपरिक, गैर-मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में जाने की अनुमति है। कारवार में, नाव संचालकों ने प्रतिबंधों का पालन करते हुए अपने जहाजों को बैथकोल बंदरगाह पर लंगर डाला है।

### पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव (65) मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के पॉलिटेक्निक के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

# उप्र की चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

■ सांसद और विधायक की ही तरह आम जनता चुनेगी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सांसद और विधायक की ही तरह यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी सीधे जनता से कराने पर मंथन कर रही है।सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार जल्द ही इस बारे में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। माना जा रहा है कि अगर केंद्र ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया, तो आगामी पंचायत चुनाव में ही इस नई चुनाव प्रक्रिया को लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह अधिकारियों को निर्देशित करें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव तैयार कर इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाए जिससे समय रहते इसकी तैयारी की जा सके। राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और जल्द ही प्रस्ताव केंद्र को भेजने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। राजभर ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर भी इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कृष्णा बोले: सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं।



बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं- अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था- को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शनिवार को पूरे दिन प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार होने की अटकलें लगती रहीं। देर शाम तक प्रशांत कुमार द्वारा डीजीपी पद का कार्यभार नहीं छोड़ने पर इन अटकलों को बल मिलता गया, हालांकि रात करीब आठ बजे राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी गई। देर शाम प्रशांत कुमार, राजीव कृष्णा और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें पुलिस विभाग की काफी टेबिल बुक भेंट की। वर्ष 1989 बैच के शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, वर्ष 1990 बैच के संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्य, एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा और पीयूष आनंद। बता दें कि राजीव कृष्णा प्रदेश के पांचवें कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं।

### यूपी में नए डीजीपी के सामने हैं बड़ी चुनौतियां: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में कानून का राज ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण के सामने कानून व्यवस्था को सुधारने में बड़ी चुनौतियां आएंगी। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग व सक्रियता जरूरी है। वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए किन्तु इसके ग्रोथ इंजन बनकर उभरने के बजाय ज्यादातर अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर निगेटिव चर्चाओं में रहना क्या यह जन व देशहित में उचित है।

## अमित शाह ने कोलकाता में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# ‘दीदी’ सरकार का समय अब हुआ समाप्त

कोलकाता, वार्ता



■ कहा: अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा यहां सत्तारुढ़ होगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जबरदस्त निशाना साधा और कहा कि राज्य में ममता दीदी की सरकार का समय समाप्त हो गया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारुढ़ होगी।

शाह ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिसा मुक्त चुनाव में राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी और वर्ष 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं, आपका (सरकार का) समय समाप्त हो गया है। अगले वर्ष राज्य में भाजपा सरकार बनाएगी। मैं अपने सभी मंडल पदाधिकारियों को आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, हम जरूरत पड़ने पर दोषियों को जमीन के नीचे से निकालेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए उन्हें सजा मिले। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिसा का कोई स्थान नहीं है। बंगाल में चुनावों के दौरान और दीदी (सुश्री बनर्जी) की जीत के बाद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मारे गए। दीदी, आप कब तक उनकी रक्षा करेंगी? अगर आप में हिम्मत है, तो हिसा के बिना चुनाव कराएं और देखें कि क्या होता है। बंगाल की जनता सुनिश्चित करेगी कि आपकी जमानत जब्त हो जाए। मुख्यमंत्री के उस आरोप का जवाब देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए ‘ऑपरेशन सिदूर’ बेच रहे हैं, उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने परिवारों के सामने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। आप मुझे बताएं- क्या पाकिस्तान द्वारा भेजे गए उन आतंकवादियों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या मोदी जी ने ऑपरेशन सिदूर को अंजाम देना सही नहीं था? यही बात दीदी के पेट में दर्द पैदा कर रही है। जब बंगाल के लोगों को वहां मारा जा रहा था, तब दीदी अगर इस दर्द को व्यक्त करतीं तो सही होता। लेकिन तब उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब जब मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद यहां आते हैं, तो ऑपरेशन का विरोध करते हुए सस्ती राजनीतिक टिप्पणी की जाती है। आप सिर्फ ऑपरेशन सिदूर का विरोध नहीं कर रही हैं - आप इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बंगाल की मातृशक्ति से अपील की कि वे मुख्यमंत्री को ऑपरेशन सिदूर पर सवाल उठाने की हिम्मत करने के लिए आगामी चुनाव में सिंदूर का सही मूल्य समझाएं। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों, उन्हें दिखाएं कि सिदूर का अपमान करने का सही मतलब क्या होता है! शाह ने कहा कि बंगाल की भूमि ने पीढ़ियों से भारत का मार्गदर्शन किया है। चाहे वह ज्ञान हो, विज्ञान हो, अध्यात्म हो या स्वतंत्रता संग्राम हो, बंगाल ने हमेशा नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता दीदी अपने ‘मां-माटी-मानुष’ (मां, मातृभूमि और लोग) के नारे के साथ आईं। आज उन्होंने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। इससे पहले शाह दोपहर 14.16 बजे विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देकर की।

### पश्चिम बंगाल को नॉर्थ कोरिया न बनाओ शर्मिष्ठा के सपोर्ट में आई कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान सामने आया है। एन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी को लेकर वे पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को नार्थ कोरिया की तरह मत बनाओ। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थितियां ठीक नहीं हैं। अगर कोई इनजनरल अपनी बात कहता है, तो उसके खिलाफ इतनी कठोर कार्रवाई करना कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है यहां इस तरह का माहौल न खड़ा जाए, जिससे यह नार्थ कोरिया लगने लगे। उन्होंने ममता सरकार से ए मांग की है कि उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए। कंगना ने कहा कि जब शर्मिष्ठा ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी और माफी मांग ली है, तो सरकार को उसके खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। कंगना ने कहा कि किसी बेटी को जेल में डाल देना और उसका पूरा करियर खराब कर देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

# पश्चिमी यूपी में फिर करवट लेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में सोमवार को मौसम में आंशिक परिवर्तन के आसार हैं। तापमान में गिरावट हो सकती है। लेकिन, बाकी जगहों पर रविवार जैसा ही मौसम बना रहने की संभावना है।

मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इससे तापमान में दो से चार डिग्री की कमी दर्ज की जाएगी। रविवार को झांसी, प्रयागराज और अमेठी में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी सोमवार से ही छिटपुट बारिश की शुरुआत हो जाएगी। तराई वाले क्षेत्रों में इस बारिश की वजह से तापमान में भी दो से चार डिग्री की गिरावट की उम्मीद है। मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश होगी। बुधवार और गुरुवार को भी कई इलाकों में ए बारिश जारी रह सकती है।

इस दौरान कई जगह 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इससे मौसम में राहत मिल सकती है। अतुल ने बताया कि इसके बाद पांच जून से गर्मी बढ़ना शुरू होगी। तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पछुवा हवा चलेगी। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



■ के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की, क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिंताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई, जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 3838 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.47 सेंट की गिरावट लेकर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल के भाव 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।सप्ताहांत पर सरसों तेल 15824 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14871 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही, वहीं मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# राम मदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले मां सरयू का पूजन एवं यजमान का प्रायश्चित कर्म भी सम्पादित होगा। तीन जून से अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ शुरू हो जाएगा। तीन व चार जून को सुबह साढ़े छह बजे से सायंकाल साढ़े छह बजे तक बारह-बारह घंटे का अनुष्ठानन होगा। इस दौरान मध्यान्ह में एक घंटे फलाहार के लिए विश्राम दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक पांच जून को अनुष्ठान सुबह साढ़े छह बजे प्रारम्भ होगा और अभिजीत मुहूर्त के बाद देवविग्रहों में प्राणों के आधान की प्रक्रिया होगी और फिर आरती के साथ अपरान्ह एक बजे अनुष्ठान की पूर्ण आहुत हो जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाज के साथ की जा रही है ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।

# जम्मू-कश्मीर भारत-पाक के बीच युद्ध का मैदान बना

## हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचली जा रही घास जैसी: मुफ्ती

श्रीनगर, वार्ता



■ हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है।

महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। महबूबा बोलीं- हमारी पाकिस्तानी लोगों से असहमति नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक सोच को दर्शाते हैं। महबूबा ने कहा कि जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी।

उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। यह दुख की बात है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य का नेता इस तरह की बातें कर रहा है। शांति और बातचीत के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और नफरत की भाषा बोलने वाले नेताओं को और लाशें चाहिए, लेकिन पीडीपी ही एकमात्र पार्टी है जो लगातार शांति की बात कर रही है और लोगों के सम्मान से जीने के हक के लिए आवाज उठा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि ये हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ व सीएम योगी ने की महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह में शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आगरा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। उपराष्ट्रपति ने लोकमाता के पदचिन्हों से जोड़ते हुए केंद्र और राज्य सरकार की प्रशंसा की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में सात स्थानों पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे।

शहर के जीआईसी मैदान पर आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर का कॉरिडोर बनाकर भव्य रूप देना आसान नहीं था, लेकिन मोदी-योगी सरकार ने कर दिखाया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार और देश की सेना की खुलकर प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कानून का राज स्थापित किया है। जिस नारी सशक्तिकरण को महारानी अहिल्याबाई होलकर ने प्रोत्साहित किया, उसे यूपी सरकार बखूबी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए भी उत्तर प्रदेश सरकार की तारीफ की। इससे पहले समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने पूरे देश के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। उसी प्रकार वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार देश के सभी वर्गों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। देश की सुरक्षा के गुण भी अहिल्याबाई होल्कर ने सिखाए, आज भी भारत अपने दुश्मनों को करारा जवाब देना जानता है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग माफियाओं को पालते थे और अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर बने डिग्री कॉलेज का नाम बदल देते थे। आज डबल इंजन की सरकार औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम लोकमाता के नाम पर करती है। प्रदेश में सात स्थानों पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे। आगरा में भी लोकमाता के नाम समर्पित कुछ बड़ा काम होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बहादुर जवानों ने पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया, येसब महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रेरणा की ही कड़ी है। समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने मंच से उपराष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि पाल, बघेल, धनगर समाज के जाति प्रमाण-पत्र बनने में जो परेशानी आ रही हैं, उसको दूर करने के लिए प्रयास किया जाए। इससे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खेरिया हवाई अड्डे पर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, मेयर हेमलता दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रशांत पोनिया सहित अन्य ने स्वागत किया।



# उत्तर प्रदेश में आपराधिक तत्वों का बोलबाला

## कानून व्यवस्था पर मायावती का तीखा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश के कई राज्यों में जातिवादी व साम्प्रदायिक तत्वों की बढ़ती दखलअंदाज़ी के बीच बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने उत्तर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार और प्रशासन पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने ट्वीट कर स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सामंती व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का बोलबाला इस हद तक बढ़ गया है कि यहां कानून का राज नाम मात्र का ही रह गया है।

मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जातीय विद्वेष, साम्प्रदायिक हिंसा, अन्याय-अत्याचार और लोगों के विस्थापन जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। ये घटनाएं यह साबित करती हैं कि आम जन की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी देने वाला तंत्र पूरी तरह से दिशाहीन हो गया है। उन्होंने इसे सामाजिक तानेबाने और लो.कतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक बताया। अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने हाल ही में नियुक्त यूपी पुलिस के नए प्रमुख के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती के रूप में राज्य में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की पुन: स्थापना को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार और सत्तारूढ़ दल के लोगों को भी इस दिशा में पूर्ण सहयोग और सक्रियता दिखानी चाहिए, ताकि जनता को न्याय मिल सके और डर का माहौल खत्म हो। तीसरे ट्वीट में मायावती ने उत्तर प्रदेश की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत के बहुआयामी विकास में यह राज्य एक रीढ़ की भूमिका निभा सकता है, लेकिन



दुर्भाग्यवश इसे विकास की अग्रिम पंक्ति में लाने के बजाय कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर राष्ट्रीय चर्चा में नकारात्मकता के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह राज्य और देश के हित में उचित है? मायावती के इन ट्वीट्स को केवल एक राजनीतिक बयान के तौर पर नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह उन व्यापक सामाजिक बेचैनियों का प्रतिबिंब है जो आज उत्तर प्रदेश के गांवों, कस्बों और शहरों में महसूस की जा रही हैं। जब कोई राज्य जनसंख्या, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सांस्कृतिक धरोहर के लिहाज से इतना महत्वपूर्ण हो, तो वहां की अव्यवस्था पूरे देश पर असर डालती है। इस पृष्ठभूमि में यह ज़रूरी हो गया है कि राज्य सरकार न केवल दिखावटी कार्रवाई करे, बल्कि ज़मीनी स्तर पर अपराध और अत्याचार के विरुद्ध निर्णायक मोर्चा खोले, जिससे उत्तर प्रदेश पुनः विश्वास और विकास की धुरी पर खड़ा हो सके।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम के संयोजक निवर्तमान प्रदेश महासचिव सुभाष पाल एवं सह-संयोजक संदीप पाल धनगर रहे, जबकि संच.ालन पूर्व प्रदेश सचिव प्रतिभा अटल पाल ने किया।

संगोष्ठी से पूर्व लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अजय राय के साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री राजबहादुर सिंह, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चंद्र यादव, सुभाष पाल, प्रतिभा पाल एवं संदीप पाल धनगर सहित अन्य नेताओं ने भी माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन पर्यंत दलितों, वंचितों, महिलाओं और किसानों के हित में कार्य किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का डटकर विरोध किया और समाज को नई दिशा दी। उनका सम्पूर्ण जीवन जनकल्याण, सनातन संस्कृति के उत्थान और महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा। उन्होंने देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में मंदिरों, घाटों, बावड़ियों और मार्गोंका निर्माण कराया तथा आदर्श न्याय व्यवस्था स्थापित की। श्री राय ने कहा कि पाल समाज को राजनीति में आगे आकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी और इसमें कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम संयोजक श्री सुभाष पाल ने कहा कि समाज का उत्थान शिक्षा और राजनीति से ही संभव है। बिना सत्ता के कोई समाज अपने अधिकार नहीं पा सकता। उन्होंने कहा कि पाल समाज संसाधनों से भले ही वंचित हो, परंतु राष्ट्रभक्ति और संघर्षशीलता उसकी विशेषता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाल समाज कभी विश्वासघात नहीं करता। संगोष्ठी को पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री राजबहादुर सिंह, प्रोफेसर श्रवण कुमार, प्रतिभा पाल सहित अनेक नेताओं ने संबो.धित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनीस अंसारी, सुशील तिवारी सोनू पंडित, कृपा शंकर मिश्रा, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, ओंकारनाथ सिंह, डा. लालती देवी, प्रमोद सिंह, सीमा देवेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप पाल धनगर, रूद्र दमन सिंह (जिला कांग्रेस अध्यक्ष, लखनऊ), अमित त्यागी (शहर अध्यक्ष), सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, विशाल राजपूत, संजय शर्मा, सुशीला सोनकर, राजगुरु नारायणपति त्रिपाठी, मुनीष चौधरी, विषम सिंह, डा. ऋचा शर्मा, डा. अमित राय, डा. श्रवण गुप्ता, विशाल सिंह राजपूत, आरएस तिवारी, दयानंद सिंह दुसाध, डा. पीके त्यागी, कुलदीप चौधरी, निहारिका सिंह, आलेख पाण्डेय, अनिल शुक्ला, मेहताब जायसी, केडी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## ईंट भट्टे के करीब मिला शव, परिजनों का हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** थाना रामकोट इलाके में में शनिवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने एक ईट भट्टे के निकट एक युवक का शव पड़ा देखा। खबर फैलते ही क्षेत्र के ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। ग्रामीण ने मृतक की पहचान रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम दारानगर निवासी सत्यपाल पुत्र कल्लू उम्र 38 वर्ष के रूप में की। इस दौरान मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के परिजनों ने परिवार के ही छोटे भाई के बेटे कुलदीप समेत अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को सत्यपाल और आरोपी कुलदीप के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और गाली-गलौच हुई थी। इसके बाद रविवार सुबह सत्यपाल का शव ईंट भट्टे के समीप पड़ा मिला।परिजनों का आरोप है कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं, जिससे उनकी हत्या की आशंका और गहरा गई है।

# सरकारी अस्पतालों में योग का महासंगम कराएगी योगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस बार योगी सरकार प्रदेश के हर जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर को योगमय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने समूचे प्रदेश में सरकारी चिकित्सा केंद्रों पर सामूहिक योगाभ्यास का रोडमैप तैयार करने का आदेश जारी कर दिया है। इसका उद्देश्य है ख्र हर वर्ग के नागरिक को योग के जरिए स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना और एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना को जन-जन तक पहुंचाना।

प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को पत्र जारी कर योग दिवस के कार्यक्रमों की तैयारी में तुरंत लग जाने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर 21 जून को विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएं। इन आयोजनों में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों को योग एंबेस्डर बनाकर हर उम्र के लोगों को बड़ी संख्या में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। सरकार की योजना है कि केवल योग दिवस पर ही नहीं, बल्कि उससे पहले भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और योग को जनआंदोलन के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए स्थानीय स्तर पर इच्छुक लोगों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्य में आयुष मंत्रालय के अंतर्गत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी, जो आनला.इन माध्यम से योग प्रशिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण देगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि योग दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन न रह जाए, बल्कि यह स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक संतुलन की दिशा में एक सशक्त शुरुआत बने। इसके लिए सभी ब्लॉक व जिला प्रशासन को स्वयंसेवी संगठनों, विद्यालयों, आशा-एएनएम कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों को जोड़कर एक सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डिजिटल और भौतिक दोनों माध्यमों से प्रचार अभियान चलाकर जनमानस को अधिकाधिक जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी की यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर हो सकती है, बल्कि यह अस्पतालों की छवि को भी एक सेवा-संस्कृति और जीवन शैली केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

## पानी की टंकी ढहने के मामले में ठेकेदार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पहला विकासखंड के ग्राम चुनका में 29 में को जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी ढह गई थी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने घटना की जांच के लिए जांच समिति गठित की थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुसार नही थी। टंकी के निर्माण में लापरवाही बरती गयी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर जल निगम के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार द्वारा ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरीलाल निवासी भिटहरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ के विरुद्ध थाना महमूदाबाद में केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद महमूदाबाद कोतवाली पुलिस एक्शन में आई, जिसे आरोपी ठेकेदार विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार को न्यायालय में पेश किया है। हालांकि घटना के तमाम पहलू अभी भी अनसुलझे हुए हैं।

## हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार चोरी का बिजली का तार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कोतवाली महोली पुलिस ने महोली कोतवाली क्षेत्र के कुसैला पाताबोझ मोड़ पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नबीनगर निवासी लवकुश उर्फ प्रिंस पुत्र दिवाकर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बिजली के तार का एक बंडल बरामद किया है। यह तार चोरी का था। पुलिस का कहना है कि उसने यह तार कोतवाली देहात की सहिमापुर और नंदा पुरवा खमरिया के बीच बिजली की लाइन से काफी समय पहले चोरी किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा की बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि लवकुश शातिर अपराधी है । वह लहरपुर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। अवैध तमंचा बरामद की के संबंध में पुलिस ने लव कुश के खिलाफ महोली कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है ।

# भीषण टक्कर में बारात से लौट रहे दो लोगों की मौत, आठ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** जनपद के रैपुरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बारात से लौट रहे लोगों की गाड़ी और डीसीएम की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि वाहनों के अगले हिस्से चकनाचूर हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है।

हादसा दोपहर करीब बारह बजे हुआ, जब एक डीसीएम (संख्या यूपी72टी 2870) कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक पिकअप गाड़ी (संख्या यूपी 96टी 0946), जो मऊ से बारात लेकर कर्वी की ओर लौट रही थी, भखरवारा मोड़ के समीप ग्राम बांधी के पास आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप सवार अधिकांश लोग चोटिल हो गए। मौके पर ही बलहोरा निवासी रामू साहू पुत्र बाबूलाल तथा शिवरतन का डेरा थाना मऊ निवासी दुर्गा पुत्र बिर्जावन की मौत हो गई। इन दोनों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, सकोहा निवासी संतराम पुत्र खुन्नीलाल, सखोवा निवासी भइयन पुत्र राजू, पहाड़ी निवासी शांतिभान पुत्र गोपाल, कुंडा प्रतापगढ़ निवासी इमरान पुत्र बशीर, देउधा निवासी सादिक पुत्र नाथु, हीरो मालवी पुत्र हबीब अली तथा दूधनाथ पुत्र चुन्नीलाल घायल हुए हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है। इसके अतिरिक्त बलहोरा निवासी बच्चा पुत्र खोदू राम व कोनैन पुत्र दिलावर को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर स्वयं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट घटना स्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने घायल यात्रियों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचवाया तथा रामनगर सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों से बात कर समुचित इलाज सुनिश्चित कराया। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

## फरार हुआ कार चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कोतवाली नगर इलाके में प्रधान डाकघर के निकट 29 में की रात एक कार ने नगर पालिका कर्मचारी अनुकूल सेठ को टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से घायल अनुकूल सेठ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। इस घटना को लेकर के पालिका कर्मचारी आंदोलित थे। कर्मचारियों ने शहर के अटल चौक लालबाग पर जाम लगाकर प्रदर्शन भी किया था। पुलिस ने इस घटना के संबंध में मिश्रित कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हुमायूंपुर निवासी तरुण मिश्रा पुत्र आदित्य कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि तरुण मिश्रा ही गाड़ी को चल रहा था। उसने ही पालिका कर्मचारी को टक्कर मारी थी।

# गोंडा- करनैलगंज कोतवाल का कोतवाली में चलता है अपना कानून

## वायरल वीडियो और तहरीर के बाद भी नहीं लिख रहे मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज कोतवाली में कानून का नहीं कोतवाल श्रीधर पाठक की हुकूमत चलती है, तभी तो कोतवाली क्षेत्र में दबंगों के एक व्यक्ति की दुकान पर चढ़कर उसे गाली देने व बंदूक की गोली से जान से मार देने की धमकी का वीडियो वायरल होने के साथ पीड़ित के तहरीर देने के घंटों बीतने के बावजूद भी अबतक केस नहीं दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के बुढ़वलिया निवासी विनय पुत्र रक्षाराम ने बताया कि, उनके भाई की छतौनी चौराहे पर कृषि सेवा केंद्र की दुकान है। बीते 31 मई की शाम को अहिरौरा, दूबेपुरवा निवासी शेरबहादुर पुत्र स्व. हरिकेश, जित.ेंद्र,कौशलेंद्र पुत्रगण शेर बहादुर अपने आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर चढ़ आये और उसके भाई अंकित को गाली देने लगे तथा उसके साथ मारपीट करते हुये बंदूक से गोली मार देने की धमकी भी दी।इस दौरान इसका किसी ने वीडियो भी बना लिया। जब इस वीडियो के साथ उसने कोतवाल श्रीधर पाठक को शिकायती पत्र देते हुये अपने और अपने भाई की जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई,लेकिन कोतवाल ने एक दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। बता दें कि,इस प्रकरण के एक्स हैंडल पर जाने के बाद पुलिस के उच्चाधिकारी ने करनैलगंज पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिये बावजूद इसके दबंग और कानून को अपनी बपौती समझने वाले कोतवाल ने अब तक केस दर्ज नहीं किया।जो यह बताने के लिये काफी है कि,करनैलगंज में पुलिस के कानून का नहीं कोतवाल का अपना कानून चलता है,जिसके चलते करनैलगंज कोतवाल हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। वहीं इस संबंध में जब कोतवाल श्रीधर पाठक से बात की गई कि,वायरल वीडियो, तहरीर और उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद आरोपी दबंगों पर कार्रवाई क्यों नहीं की तो उनका जवाब बड़ा ही तानाशाही वाला था,जबतक वह नहीं आयेगा कार्रवाई नहीं होगी।

गैर जनपद स्थानांतरण होने के बावजूद जमे हैं कोतवाल

बता दें कि,09-2023 को श्रीधर पाठक का स्थानांतरण बहराइच से गैर जनपद गोरखपुर हो चुका था बावजूद अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुये वह गोरखपुर न जाकर गोण्डा आ गये और 20-2024 को करनैलगंज का चार्ज ले लिया। तबसे वह वहीं जमें हुये हैं और अपने कारनामों से करनैलगंज कोतवाली को सुर्खियों में बनाये हुये हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोरोना संक्रमित तीन हजार के पार

## जिले में लापरवाही बरकरार

**मनोज मौर्य**

**गोंडा।** वर्ष 2020-21 में वैश्विक तबाही का पर्याय बना कोरा.ना संक्रमण एक बार फिर देश में खौफ पैदा कर रहा है। देश में करीब तीन हजार से अधिक संक्रमितों की संख्या और 30 के करीब मौतों से जहाँ देश में खौफ का माहौल है वहीं गोण्डा में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से लापरवाह नजर आ रहा है।न कोई सोशल डिस्टेंसिंग और न ही स्वास्थ्य मंत्रालय से जारी किसी गाइडलाइन को ही फॉलो किया जा रहा है। जिसकी भारी कीमत जनपद को देर-सबेर उठानी पड़ सकती है।

विभिन्न माध्यमों व स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा कोविड हालात काफी चिंताजनक हैं। जिसमें दर्जन भर राज्य कोरोना संक्रमण की चपेट में हैं और धीरे-धीरे बढ़ते हुये यह तेजी से अन्य राज्यों को भी चपेट में लेता जा रहा है। देश में ताजा आंकड़ों के मद्देनजर कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3 हजार के करीब पहुंच गया है।जिसमें लगभग तीस के करीब लोगों की मौतें हो चुकीं हैं।संक्रमण के मामले में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली सबसे ज्यादा कोरोना से प्रभावित हैं। अकेले केरल में ही 12 सौ लोग संक्रमित पाये गये हैं। उसके बाद महाराष्ट्र में 5 सौ के करीब केस दर्ज किए गए। शनिवार तक के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में 300,दिल्ली में सवा तीन सौ के करीब और मरीज मिल चुके हैं. कर्नाटक और तमिलनाडु में 150-150 केस जबकि पश्चिम बंगाल में 116 और यू.पी. में सौ से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले 24 घंटे में सर्वाधिक सात मौतें भी दर्ज की गई हैं। पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में दो, जबकि दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, पंजाब और तमिलनाडु में एक-एक मौतें हुई हैं। इतने सब के बावजूद गोण्डा के स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह लापरवाह बनते हुये लोगों की जान जोखिम में डालने का काम कर रहा है। जिले के बाबू ईश्वरशरण मेडिकल कालेज में घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिसके क्रम में एक ओर चिकित्सक अपने केबिनो में बगैर मास्क व अन्य सेफ्टी के मरीजों का इलाज कर रहे हैं,वहीं दूसरी ओर अन्य स्वास्थ्य कर्मी व अधिकारी बगैर मास्क व सेफ्टी के अपना कार्य कर रहे हैं।जिन्हें देख वहाँ आने वाले बीमार और उनके तीमारदार कोरोना के बढ़ रहे खतरे से और भी लापरवाह

### सुरक्षा से संबंधित गाइडलाइन जारी : सीएमओ

कोविड संक्रमण के संबंध में जब सी.एम.ओ डाक्टर रश्मि वर्मा से जानक.ारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि,सभी को शोसल डिस्टेंसिंग समेत मास्क व सुरक्षा के सभी ऐहतियात बरतने के निर्देश दे दिये गये हैं। अस्पताल व सभी सीएचसी में कोविड वार्ड भी बनाया गया है ताकि,यदि इस तरह का कोई मामला आये तो उससे सफलता के साथ निपटा जा सके। बहरहाल मेडिकल कालेज परिसर में लापरवाह चिकित्सकों व अन्य कर्मियों को देखकर ऐसा लग रहा है कि,जैसे सी.एम.ओ का जारी दिशा-निर्देश उन तक पहुँचा ही न हो,जो बड़े खतरे का सबब बन सकता है।

## छिनैती के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना मानपुर पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के दासापुर मोड़ के निकट छापेमारी कि यहां पर पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम वाहिदापुर निवासी हर्षित यादव पुत्र गजराज सिंह यादव उर्फ नरेंद्र सिंह यादव, दुर्गेश गुप्ता पुत्र मायाराम गुप्ता, महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया श्रष्टीपुर निवासी मोहित पुत्र राम लखन यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों लोग दासापुर टीले के पास से चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाईल फोन, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल एवम् एक चाभियों का गुच्छा, एक पेचकस, एक प्लास, एक लोहे की सरिया, एक प्लास्टिक की टार्च बरामद की है।

# एचपी गैस से भरे टैंकर के केबिन में लगी आग, मचा हड़कंप

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सरयू घाट चौकी क्षेत्र के लोल.पुर गांव में एचपी गैस से भरे एक टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गई।देखते ही देखते केबिन धू-धूकर जलने लगा।जिसे देख वहाँ इकठा हुये ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया। सूचना मिलने सीओ सहित तमाम पुलिस कर्मी मौके पर पंहुच गये। बता दें कि, मध्य प्रदेश से एचपी गैस से भरा टैंकर लेकर चालक रामू पुत्र राम लाल बिहार जा रहा था। रविवार को दिन में करीब 2 बजे वह टैंकर को लोलपुर गांव में अयोध्या - गोरखपुर हाइवे पर कनक होटल के पास खडा कर एक ढाबे पर खाना खा रहा था तभी अचानक टैंकर के केबिन में आग लग गई और टैंकर का केबिन धूं-धूं कर जलने लगा जिससे अफरा-तफरी मच गई। लोगों किसी बड़ी अनहोनी से कांप उठे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और अग्निशमन दल को दी। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे सरयूघाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने ग्रामीणों की मदद कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सीओ तरबगंज डा उमेश्वरप्रभात सिंह भी मौके पर पंहुच गये। करीब आधे घंटे बाद घटना स्थल पर अग्निशमन दल भी पंहुच गया।गैस भरे टैंकर के केबिन में लगी आग को बुझाने के लिए क्षेत्रीय लोग पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों की हिम्मत की सराहना कर रहे हैं।

# बीमारी के चलते आर्मी जवान की मौत

## शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आर्मी जवान की बीमारी के चलते मौत हो गयी। जवानों का दल शव लेकर घर पहुंचा जिसे देखते ही परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कैलसा में किसान बलबीर सिंह का परिवार रहता है। तीन बेटों में उनके सबसे बड़े बेटे मुनेंद्र फौजी थे। साल 2006 में उनकी भर्ती हुई थी। उनके परिवार में पत्नी अनीता देवी के अलावा एक बेटा भाग्य सिद्धू और दूसरी बेटी चेष्टा सिद्धू है। वर्तमान में मुनेंद्र की तैनाती हिमाचल प्रदेश में चल रही थी। बताया जा रहा है कि विभागीय ड्यूटी के लिए वह बीते कुछ दिनों से लखनऊ में रुके हुए थे, जहां पिछले कुछ समय से उनकी तबियत खराब चल रही थी। हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल रेफर किया गया था, जहां उपचार के बीच रविवार सुबह मुनेंद्र की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर में शव लेकर घर पहुंचे साथी फौजियों ने जवान को आखिरी सलामी दी। शाम में तिगरी धाम में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक समरपाल सिंह ने भी घर पहुंचकर शोक. ाकुल परिवार को सांत्वना दी।

# महिलाएं हर क्षेत्र में बन रहीं आत्मनिर्भर

## पहचान से परवाज तक कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जरूरत है उनकी प्रतिभा को पहचान उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार समिति की सदस्य शहबाज शोहरत की ओर से नगर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं हैं तथा वह हवाई जहाज तक उड़ा रही हैं तथा सेना में भी अपना अहम् योगदान दे रही हैं। परन्तु इसके लिए जरूरी है कि उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की। उनकी सरकार लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो, शाहरजा शाही, मौलाना मसरूर, मौलाना रजा अब्बास, मौलाना आबिद, जकी शोहरत, मौलाना तालिब, नूर अब्बास राणा, गौहर, नसीम शोहरत, जीशान अख्तर, नईम हैदर, दानिश अंसारी, मिलन ढिल्लो आदि मौजूद रहे।

# रंजिशन कारोबारी के घर में घुसकर हमला

## दो सगे भाईयों समेत चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रंजिश के चलते घर में घुसे लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर कारोबारी को घायल कर दिया। मामले में दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नौगजा की है। यहां पेशे से कारोबारी मुस्तेजाब बेग का परिवार रहता है। उनकी मोहल्ले में रहने वाले सगे भाई उस्मान व नईम से किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है। आरोप है कि बीती 29 मई की दोपहर दोनों अपने साथ दिलनवाज और अकील को लेकर घर में घुस आए। चारों आरोपी गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगे तथा विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में मुस्तेजाब गंभीर घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आस-पास रहने वाले लोगों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपी उस्मान, नईम, दिलनवाज व अकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# फार्च्यूनर ने बाइक रौंदी, एडीओ कृषि की मौत

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवार कृषि कार्यालय में तैनात एडीओ कृषि की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक सवार एडीओ कृषि सुधीर कुमार जो लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत म्रत घोषित कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की बात कह रही है।

जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर इलाके के गांव सबलपुर खुर्द निवासी सुधीर चौधरी (37) पुत्र महिपाल मंडी धनौरा ब्लॉक परिसर स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में एडीओ कृषि के पद पर कार्यरत है। बताते हैं कि सुधीर कुमार रविवार की शाम किसी काम से मंडी धनौरा आये थे जब वह बाइक पर सवार होकर धनौरा से गजरौला की तरफ जा रहे थे बछरायूं थाना क्षेत्र में गांव कुम्हारपुरा के पास तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार से मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार कृषि विभाग के एडीओ की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां चिकित्सक ने भी परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। जानक. ारी पर परिजन भी रोते बिलखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार कृषि विभाग के एडीओ कृषि सुधीर चौधरी की मौत हुई है तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# बंदर से बाइक बचाने के प्रयास में हादसा, दो घायल

## हादसे में बंदर की हुई मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। हादसा सड़क पार कर रहे बंदर से बाइक की टक्कर से हुआ। हादसे में घायल बंदर की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

शहर कोतवाली क्षेत्र की वासुदेव कॉलोनी के रहने वाले तनिष्क व आदित्य रविवार को बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद जा रहे थे। चौधरपुर के सामने से गुजरते समय अचानक बाइक के सामने बंदर आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बंदर की मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक रपटने से गिरे आदित्य व तनिष्क गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल आदित्य व तनिष्क को पास ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि उपचार के बाद घायल दोनों युवकों को परिजन अपने साथ ले गए थे।

## एक नजर

### ईद को लेकर ईदगाह का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ईदगाह कमेटी ने ईद उल अजहा के मद्देनजर ईदगाह का निरीक्षण किया। रविवार को ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने ईदगाह पर पहुंचकर सभी को ईद उल अजहा की जिम्मेदारियां सौंप दी। जिसमे माइक जनरेटर पंखे पानी के इंतजाम और सफाई का जयजा लिया। ईदगाह कमेटी का पदाधिकारियों ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज सुबह 6.45 अदा की जायेगी। ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज की सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। इस मौके पर हाजी इरशाद. जावेद जरताब. जीशान कुरैशी. हाजी मोहम्मद वसीम. हमजा अली. शहनावज आंसरी हाजी अनीस. अलीमुद्दीन मेंबर. नौशाद अहमद. नईम अहमद हाजी अब्बास खुर्रम आजाद खान मौजूद रहे।

### पैसे के लेनदेन में भाई-बहन को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** वीडियो के पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों ने भाई बहन को पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगट कोला निवासी सुभाष पुत्र हरिश्चंद्र ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि उसकी बहन राकेश काफी समय से उनके घर पर रह रही है। गांव के कुछ लोगों से वीडियो के पैसे के लेन देन को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिस पर दबंगों ने भाई बहन को पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अरविंद सुशील विनोद व अजय पाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 57 हिस्ट्रशीटरों की खंगाली कुंडली

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चल रहे इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत रविवार को शहर कोतवाली पुलिस ने 97 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन करते हुए उनसे जुड़ी पूरी जानकारी जुटाई। इसके अलावा वॉइस सैंपल लेकर आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज जमा कराए। हिस्ट्रीशीटर से जुडी सभी जानकारी अब पुलिस द्वारा त्रिनेत्र एप में फीड की जा रही है। एसपी अमित कुमार आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान हिस्ट्रीशीटरों के मोबाइल नंबर, आधार नंबर व वर्तमान व्यवसाय की जानकारी जुटाने का निर्देश सभी प्रभारी निरीक्षकों को दिया गया है।

# आम उत्पादकों की मद्द को आगे आए सरकार

## आवश्यक सुविधाएं कराए उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश वैश्विक फल निर्यात मानचित्र पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

केंद्रीय उपोष्ण कटिबंधीय बाग. वानी संस्थान लखनऊ की आयुक्त श्रीमती रोशन जैकब आईएएस की अध्यक्षता में रहमानखेड़ा परिसर में एक उच्च स्तरीय निर्यातक-उत्पादक व्यवसाय 2025 बैठक का आयोजन किया गया। लखनऊ कमिश्नर ने निर्यातकों और आम उत्पादकों के साथ बातचीत की और राज्य के अधिकारियों को सीआईएसएच द्वारा विकसित कटाई के बाद और समुद्री मार्ग से निर्यात प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके आम के निर्यात के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में घरेलू बाजार की क्षमता का दोहन करने के महत्व पर भी जोर दिया।उन्होंने बताया कि लखनऊ अमरोहा और सहारनपुर में पैक हाउस पूरी तरह चालू है। और आम प्रसंस्करण और निर्यात संचालन के लिए सुसज्जित हैं। इस कार्यक्रम मैं ईशांत सैनी अमिया फार्म फ्रेश हसनपुर ने अमरोहा के किसानों के लिए फ्री मैंगो बैगिंग,फ्रूटफ्लाई ट्रैप और हार्वेस्टर की माँग उठाई। जिससे जनपद के किसान भी अपने आम की गुड़वत्ता को बढ़ा सके।

# रफातपुर माफी ने जीता फाइनल मुकाबला

## 87 रन से किया ट्राफी पर कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव कलाली में आयोजित क्रिकेट प्रीमियर लीग का रविवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में रफातपुर की टीम ने वोहरा की टीम को पराजित कर फाइनल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलोक भारती ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

रफातपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर तीन विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाए जवाब में वोहरा की टीम 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 106 रन ही बना पाई और 87 रन से रफतपुर माफी ने यह फाइनल मुकाबला जीत लिया। और कलाली प्रीमियर लीग की विज. ेता टीम बनी। आज के मैच के प्लेयर ऑफ द मैच अखिल रहे जिन्होंने 54 रन के साथ दो विकेट भी लिए। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड विशिष्ट अतिथि मास्टर पवन कुमार के द्वारा उन्हें प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलोक कुमार भारती एडवोकेट एवं मुकेश चौधरी अहरोला एवं विशिष्ट अतिथि मास्टर पवन कुमार के द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही कमेटी के द्वारा विजेता टीम को 11000 एवं उपविजेता को 5100 की नगद धनराशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मास्टर पवन कुमार, राहुल, विकास, रिषभ, दीपचंद, आकाश आदि उपस्थित रहे

**श्री रामकथा के तीसरे दिन कथा का श्रवण करने उमड़े भक्त**

# राम का नाम जीवन का सबसे बड़ा धन





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो श्री राम कथा में रविवार को प्रवचन सुनाते हुए

■ **माता, पिता और गुरूओं का सम्मान करने का आह्वान**

कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा कि, हमें अपने माता पिता और गुरूओं का सम्मान करना चाहिये। उनके प्रति सदैव आदर के भाव रखने चाहियें। कहा कि जीवन में सबसे बड़ा धन 'राम' को पाने को धन है। सत्संग में जो यह राम नाम का धन मिलता है, उसे जितना भी खर्च करो, यह उतना ही बढ़ता है। इसे कोई लूट नहीं सकता। जीवन में काम, क्रोध लोभ व मद से ऊपर उठकर ही हमें भक्ति का सच्चा सुख मिल सकता है। कथावाचक ने कहा कि जीवन में परोपकार के साथ साथ सत्संग में भी अपनी भागीदारी करें। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, श्याम वर्मा, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना आदि मौजूद रहे।

# किसानों को फसलों की बेहतरी के लिए किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अन्तर्गत गजरौला ब्लॉक के ग्राम छोया, सिहाली जागीर, मनोटा व अमरोहा

■ **तीन ब्लॉकों के कई गांवो में हुए कार्यक्रम**

विकासखंड के ग्राम नन्हेड़ा अख्तयारपुर, जलीलपुर बक्काल एवं घंसूरपुर व हसनपुर विकासखंड के ग्राम उधमपुर, नसीरपुर एवं बसेड़ा खुर्द में कृषि विज्ञान केंद्र एवं भारतीय कृषि अनुसंधान के केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की तीन संयुक्त टीमों ने किसानों को खरीफ फसलों , मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, गन्ना के साथ सहफसली खेती फसल सुरक्षा, पशुपालन में रिपीट ब्रीडिंग, संतुलित राशन, अनुवांशिकी संबंधी समस्याओं के बारे में किसानों को जागरूक किया। केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.रविंद्र कुमार, उप निदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ.एके मिश्र, वैज्ञानिक डॉ. अजय वीर सिरोही, डॉ.डी.दिव्या, डॉ.अमित तोमर, डॉ. हादी हुसैन खान के साथ साथ जिला उद्यान विभाग, वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक, सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखकर किसानों को महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराईं।

# ब्राह्मण सभा ने लिया संगठन की मजबूती का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के अवसर पर नगर के मोहल्ला शुक्लपुरी में स्थित लॉयर्स चैम्बर्स पर नगर ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। नगराध्यक्ष डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा ने कहा कि हमें अपने महापुरूषों के दिखाए गए पद्चिन्हों पर चलते हुए एक दूसरे के सुख दुख में काम आना चाहिये। उन्होंने कहा कि हमें मिलजुल कर ब्राह्मण समाज को आगे बढ़ाना है और लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्राह्मण समाज के लोगों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित भी किया गया। डॉ.राजीव शुक्ला ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। डॉ.रविन्द्र शुक्ल ने कहा कि एक और एक मिलकर जैसे ग्यारह होते हैं, वैसे ही हमें एक दूसरे से मिलकर संगठन को मजबूत करना है। सेवानिवृत्त उपनि. रीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को धार्मिक व सामा. जिक संस्कार देने के लिये पुरजोर प्रयास करने चाहियें। उन्होंने समाज के लोगों से अपनी राजनैतिक ताकत बढ़ाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर संजय शर्मा, बीके शर्मा, सभासद पति देवेश शर्मा, मुकेश शर्मा, नितिन शर्मा, पंडित योगेश प्रभाकर, चेतन रामकिशन, विपिन वर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, विवेक कुमार, नरेश चंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# सांप के जोड़े को देखने के लिए उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में सुबह एक ग्रामीण के घर के पीछे जंगल में सांप का जोड़ा दिखाई देने से हड़कंप मच गया। काफी देर तक सांप का जोड़ा घूमता रहा। जिससे मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख सांपों का जोड़ा खेतों की ओर चला गया। सांप के जोड़े का वीडियो किसी ग्रामीण ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

रविवार के सुबह हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में गांव निवासी सतपाल सिंह के घर के पीछे जंगल की ओर नाग नागिन का एक जोड़ा घूमता दिखाई दिया। नाग नागिन आपस में चिपटकर संधहे हुए थे। वही नाग नागिन का जोड़ा दिखाई देने से भारी संख्या में ग्रामीण देखने पहुंच गये। काफी देर तक जंगल में सांप का जोड़ा एक दूसरे से लिपटकर घूमता रहा। ग्रामीणों का शोर शराबा सुनकर सांप का जोड़ा जंगल में खेतों की ओर निकल गया। इस मामले में वन रेंजर अधिकारी नरेश कुमार द्वारा बताया गया कि मामला जानकारी में नहीं है।

# अहिल्याबाई ने कराया संभल में कल्कि मंदिर का जीर्णाद्धार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महापुरूषों को सम्मान देने का काम किया है। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने इस देश में सनातन धर्म

■ **विधायक राजीव तरारा ने आयोजित की पत्रकार वार्ता**

व संस्कृति की रक्षा के लिये काम किए। मुगल शासकों द्वारा तोड़े गए मंदिरों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराया। रविवार को विधायक राजीव तरारा ने अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को हुआ। पति और ससुर के निधन के बाद उन्होंने शासन की बागडोर संभाली और न्यायपूर्ण शासन देने का काम किया। उन्होंने महिला सशक्तीकरण और जनकल्याण के लिये कार्य किया। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात में सोमनाथ मंदिर, उत्तराखंड में ब्रदीनाथ और केदारनाथ सहित ज्योर्तिलिंगो का जीर्णोद्धार कराया। इतना ही नहीं संभल में वर्ष 1768 में श्री कल्कि मंदिर का जीर्णोद्वार कराया, जिसका शिलापट्ट भी वहां पर लगा हुआ है। हमारा सौभाग्य है कि कलयुग में श्री कल्कि अवतार संभल में होने वाला है। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि उन्होंने मंडी धनौरा मार्ग पर अपनी निधि से अहिल्याबाई द्वार बनवाकर शनिवार को ही जनता को समर्पित किया है। उन्होंने इस दौरान केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

# सभी मिलकर एक जन अभियान बनाएं वृक्षारोपण कार्यक्रम: द्विवेदी

**■ चेयरमैन पर्यावरण वन एवं जलवायु का बहेड़ी में हुआ स्वागत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नानक पुरी छंगा टांडा गुरुद्वारा में चेयरमैन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई भारत राहुल द्विवेदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय निर्देशक प्लांटेशन बोर्ड के रवि भारद्वाज रूद्र भी उपस्थित थे।

छंगा टांडा में स्वागत समारोह का आयोजन किसान यूनियन के बलजीत सिंह मान के नेतृत्व में किया गया। राहुल द्विवेदी और रवि भारद्वाज रूद्र को 51 किलो फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। राहुल द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने एक वृक्ष मां के नाम राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आव्हान किया।

स्वागत समारोह में सुधीर शर्मा, रामकुमार शर्मा, अमित राणा, भाजपा नेता कमल शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और ग्राम प्रधान उपस्थित थे। गुरुद्वारा नानक पुरी में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी बलजीत सिंह मान के आवास पर गए, जहां उनका स्वागत किया गया। इसके अलावा बहेड़ी में साईं सुधा वेंकट हाल में भी उनका स्वागत किया गया। इस दौरान विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार भाजपा नेता राहुल गुप्ता, ललित शर्मा, सुनील रस्तोगी, दिनकर गुप्ता, रूप किशोर गंगवार, अतुल गर्ग, राहुल शर्मा, बबलू भारद्वाज, अनूप गुप्ता, आशीष गुप्ता, सौरभ गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे

# शूद्र इकट्ठे हो जाएं तो होगी हमारी सरकार : भगवत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आगामी होने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को क्षेत्र के गांव इनायतपुर में आयोजित पीडीए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के साथ ही आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

पीडीए के जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने केंद्र और प्रदेश की सरकारों पर जमकर हमला बोला, कहा कि जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सारे वायदे झूठे साबित हुए, वहीं प्रदेश की योगी सरकार लोगों को आपस में लड़ाकर प्रदेश का भाई चारा खत्म करने में लगी है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि बढ़ती महंगाई से देश का हर आदमी परेशान है, नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है, किसान को उसकी फसल की कीमत नहीं मिल रही है, जब इस समस्याओं को उठाया जाता है तो सरकार हिन्दू मुसलमान का राग अलापने लगती है। उन्होंने सपा सरकार में किए गए कार्यों को गिनाते हुए अखिलेश यादव को किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों का हमदर्द बताया।

उन्होंने साफ साफ कहा कि अगर शूद्र यानि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक इकट्ठे हो गए तो प्रदेश में सपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। इसका उदाहरण गुजरा लोकसभा का चुनाव है, जिसमें सपा और गठबन्धन ने 43 सीटें जीती थीं। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कहा कि जिस घर के बेटे-बेटी पढ़ जाएंगे उस घर के साथ ही क्षेत्र का विकास होगा।

कार्यक्रम में निघासन विधानसभा के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव ने देश के प्रधानमंत्री पर झूठे वायदे करने का आरोप लगाया, कहा न तो काला धन वापस आया, न ही खाते में 15 लाख आए, न ही हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी मिल पाई, इतना ही नहीं किसानों की आय दोगुनी का वायदा भी खोखला निकला।



उन्होंने आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता से खोखले वायदे करने वालों को सबक सिखाने का आवाहन किया। आयोजन में सपा के जिला महासचिव संजीव यादव, योगेश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरषोत्तम गंगवार, नरोत्तम दास गंगवार उर्फ मुन्ना, तेज प्रकाश गंगवार, जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर, तेजपाल गंगवार, नबाव अहमद अंसारी, अरविन्द गंगवार डब्लू, डॉक्टर हाजी मोईन वेग, डॉक्टर मुक्ता प्रसाद, पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, ग्राम प्रधान ओमेंद्र गंगवार, पूर्व प्रधान घासीराम गंगवार, जिला सचिव डॉक्टर सत्यदेव ओझा, अंजुमन के पूर्व अध्यक्ष तसव्वर हुसैन अंसारी, युवा नेता मोहीद सिद्दीकी, हरीश गंगवार, वीरपाल गंगवार, डॉक्टर धर्मपाल गंगवार, किसान नेता चंद्र प्रकाश गंगवार उर्फ पप्पू, डॉक्टर विजय गंगवार, शराफत अंसारी, निराले अंसारी, प्रधान प्रहलाद गंगवार, पप्पू गंगवार, डॉक्टर नवाब अहमद सहित बड़ी संख्या में सपाईयों ने भाग लिया। सभी ने आयोजक रवींद्र गंगवार की सफल कार्यक्रम के लिए सराहना की। आयोजन में पीडीए का पत्रक कार्यकर्ताओं को वितरित किया गया।

## एक नजर

### भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नगर उपाध्यक्ष बने दानिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** कस्बा निवासी मोहम्मद दानिश को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार ने मोहम्मद दानिश को नियुक्ति पत्र देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया है। बताते चलें कि मोहम्मद दानिश शीशगढ़ कस्बे के निवासी है। और वह कस्बे में ही अपना जूते का शोरूम चलाते है।

### अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पाल समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने तिकोनी दुकान पर पुष्प वर्षा एवं जलपान कर स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दीं, और पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गुप्ता ने पाल समाज का आभार व्यक्त किया, और कहा कि पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से समाज में एकता और भाई चारे की भावना का संचार होता है।



### रास्ते में बंधी भैंस ने ग्रामीण को उठाकर पटका

**विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर की पिटाई, ग्रामीण का हाथ टूटा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घटना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर की है, गांव का नारायन लाल मजदूरी के रुपए देने वीरेंद्र कुमार के घर आया था, रुपए देने के बाद दोनों साथ साथ घर से निकल कर जा रहे थे कि सरकारी जगह में बंधी भैंस ने नारायन लाल को उठाकर पटक दिया, जिसका उसके साथी मजदूर वीरेंद्र कुमार ने विरोध किया। जिसपर गांव के दबंग मंगली राम उनके भतीजे जसवीर ने उन्हें गंदी गन्दी गालियां देते हुए कहा कि वह ऐसे ही अपनी भैंस बांधेगा जिसे रोक मिले वह रोक ले।

आरोप है कि कुछ देर बाद जसवीर अपने भाईयों पप्पी, एवरन, घर में घुस आए और लाठी डंडी से हमला कर दिया। जिसमें बीरेंद्र कुमार का बाया हाथ टूट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### होमगार्ड ओम बाबू को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में तैनात होमगार्ड ओम बाबू को सेवा. निवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।

ओम बाबू 1984 में होमगार्ड में भर्ती हुए थे। सेवानिवृत्त होने पर रविवार को उन्हें कोतवाली देवरनियां में तैनात पुलिस कर्मियों और अन्य होमगार्ड साथियों ने भावभीनी विदाई दी, और उनके सेवाकाल की सरहाना की। इस दौरान कोतवाली के एसएसआई नवदीप सिंह, एस आई चन्दकीराम, सुनील कुमार, सुरेश बाबू, उत्तम सिंह, मोहम्मद यासीन, गंगा प्रसाद, कमला प्रसाद, रामपाल, नरेश पाल, हंसराम आदि उपस्थित रहे।

### जनपद में आठ केन्द्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा सफलता पूर्वक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में आठ केन्द्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

परीक्षा को सकुशल तथा शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने व पारदर्शिता बनाए रखने हेतु 12 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए थे। प्रथम पाली सुबह 09:00 बजे से 12:00 बजे तक 3767 विद्यार्थियों के सापेक्ष 3334 विद्यार्थियों तथा दूसरी पाली दोपहर 02:00 बजे से 05:00 तक 3767 विद्यार्थियों के सापेक्ष 3339 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने दी है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# हादसे को दावत दे रहा है मुख्य मार्ग के किनारे खड़ा बिजली का जर्जर पोल

**■ छतों के ऊपर से मौत बनकर गुजर रहे हैं जर्जर हाइटेंशन के तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के बिलासपुर रोड मोहल्ला अगवाड़ा नीम तले के निकट जर्जर अवस्था में खड़ा बिजली का पोल किसी बड़े हादसे की तरफ इशारा कर रहा है। इस जर्जर पोल से आस पास के लोगों के ऊपर हर समय खतरा मंडरा रहा है।

घनी आबादी के बीच खड़े इस जर्जर पोल से हाइटेंशन के जर्जर तार भी ग्रामीणों की छतों पर होकर मौत बनकर लटक रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभागीय कर्मचारी चुप्पी साधे बैठे हैं। इस जर्जर पोल से लटक रहे जर्जर तार रात्रि में किसी बड़े वाहन में फंस गए तो बिजली का पोल धरासाई होकर सड़क पर गिरेगा और हाइटेंशन के जर्जर तार घरों में गिरकर बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं। यही खतरा ग्रामीणों की नींद उड़ा रहा है। यही समस्या कस्बे के अन्य स्थानों पर भी है जो विकराल रूप धारण करती जा रही है।



> जर्जर हालत में खड़े बिजली के पोल व जर्जर तारों को हटाकर नई केबिल डाले जाने हेतु हमने अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश को लिखा है। इस जर्जर पोल व जर्जर तारों से हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान होना चाहिए।
>
> **नीलोफर**
> **चेयरमैन**
> **नगर पंचायत शीशगढ़**

# भीषण गर्मी के कारणें फिर रुलाने लगी बिजली

**■ दो - दो घंटे की शिफ्टों में मिल रही है विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण परेशान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे सहित क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों का हाल बेहाल है भीषण गर्मी में बिजली रुलाने लगी है। जाफरपुर बिजली घर से पोषित कस्बे सहित लगभग 160 गांवों के लोग बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से न मिलने से बेहद परेशान हैं।

एक तरफ झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है तो दूसरी तरफ बिजली की अघोषित कटौती रुला रही है। कस्बे में बिजली आपूर्ति बद से बदतर होती जा रही है। कस्बे में विद्युत आपूर्ति के लिए दो फीडर बनाए गए हैं। कस्बे में दो घंटे तक एक फीडर से आधे कस्बे को विद्युत आपूर्ति दी जाती है। उसके बाद दूसरे फीडर से बाकी कस्बे को विद्युत आपूर्ति की जाती है। एक फीडर दो घंटे के लिए चलता है। आधे कस्बे को विद्युत आपूर्ति मिलने पर आधा कस्बा बिना विद्युत आपूर्ति के रहता है।

क्षेत्र को मात्र दस से बारह घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। यही हाल गांवों का भी है। कस्बे की आपूर्ति बंद होती है फिर गांवों की आपूर्ति की जाती है।

> **लोड पड़ने पर गिर जाती है एमसीबी**
>
> बिजली का लोड कम करने के उद्देश्य से प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर एमसीबी लगाई गई हैजब लोड बढ़ता है तो एमसीबी गिर जाती है और आपूर्ति बंद हो जाती है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली की मांग भी बड़ी है, जिस कारण एमसीबी बार बार गिरने से उपभोक्ताओं की परेशानी और अधिक बढ़ गई है कुछ स्थानों पर तो हर पांच से दस मिनट में एमसीबी गिर जाती है। गर्मी से बेहाल ग्रामीण नींद से उठ उठ कर पूरी रात एमसीबी को उठाने भागते हैं। यह क्रम पिछले दो माह से चल रहा है। एमसीबी ने तो ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। आखिर कब तक झेलेंगे ग्रामीण इस एमस बीके दंश को।
>
> ओवर लोड होने पर बार बार फाल्ट होते थे, केबिल में आग लग जाती थी। इस फाल्ट की समस्या को रोकने के उद्देश्य से ही एमसीबी लगाई गई है। ओवर लोड के कारण ही कस्बे को दो हिस्सों में बांटकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जल्द ही इसका भी समाधान कर दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति कराना है।
>
> **संतोष कुमार शर्मा**
> **अवर अभियंता, विद्युत उपकेंद्र जाफरपुर/शेरगढ़**

# उर्स-ए-शाह जी का जुलूस-ए-परचम कुशाई शांतिपूर्वक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में पिछले 35 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत उर्स-ए-शाह जी के मौके पर निकलने वाला जुलूस-ए-परचम कुशाई इस बार भी पूरे धार्मिक उत्साह और शांति के साथ संपन्न हुआ। जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए और शांति व भाई चारे का संदेश दिया।

जुलूस-ए-परचम कुशाई हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा प्रतीक बना हुआ है। परंपरागत रास्तों से गुजरता यह जुलूस आपसी सौहार्द और एकता की मिसाल पेश करता है। खास बात यह है कि पिछले 35 वर्षों में इस जुलूस के दौरान कभी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, जो इसकी शांतिपूर्ण प्रकृति और सामुदायिक एकजुटता को दर्शाता है। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन और आयोजकों के सहयोग से कार्यक्रम निर्विन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर उत्सव की खुशी साझा की, जो बहेड़ी की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को और मजबूत करता है। इस अवसर पर हाफिज अनबार, सलीम चन्दा सहित खानकाहे शेरिया के तमाम लोग मौजूद रहे।

# देवरनियां में बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी परेशान

**■ भाकियू जिला उपाध्यक्ष सुधार न होने पर करेंगे डीएम से शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** जिला मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे स्थित नगर पंचायत देवरनियां में बिजली का बुरा हाल है। बिजली कटौती को लेकर परेशान जघ्नता के फोन महकमे के अफसर नहीं उठा रहे हैं। जिसको लेकर नगर वासियों में आक्रोश पनप रहा है। वहीं नगर वासियों कीघ समस्या को समझते हुए सुधार न होने पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष ने डीएम से मुलाकात कर शिकायत करने को कहा।




देवरनियां, मुंडिया जागीर, सेमीखेड़ा कस्बों को मिलाकर बनी करीब तीस हजार की आबादी वाली नगर पंचायत देवरनियां में पिछले कुछ दिनों से बिजली की अंधाधुंध कटौती हो रही है। इस भीषण गर्मी में जहां लोगों को बुरा हाल है, वहीं बिजली महकमे के अफसर इस तरफ अंजान बने हुए हैं। लोगों की समस्या का समाधान कराना तो दूर, फोन तक नहीं उठा रहे हैं। यहां तक कि मीडिया कर्मियों के फोन भी अधिकारी नही उठाना मुनासिब समझते हैं।

नगर में बनी बिजली समस्या को भाकियू के जिला उपाध्यक्ष और नगर पंचायत चेयरमैन पद चुनाव में दूसरे नम्बर पर रहे मुस्तफा उर्फ लल्ला खां ने महसूस किया है। उन्होंने कहा है कि अगर जल्द ही बिजली में सुधार नहीं हुआ तो डीएम से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी।

> **उदरा गांव पांच दिन से अंधेरे में डूबा**
>
> एक तरफ सरकार के सख्त निर्देश हैं कि अगर कोई ट्रान्सफार्मर फुँका तो क्षेत्र के अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी, मगर उदरा गांव का ट्रान्सफार्मर को फुंके पांच दिन हो गये, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है।

# अवैध संबंधों के शक में जरी कारीगर की चाकू से गोदकर हत्या

**■ दिनदहाड़े हुई वारदात, आरोपी फरार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कांकरटोला में जरी कारीगर की ताबड़तोड़ चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी की तलाश में पुलिस व एसओजी टीम दबिश दे रही है। परिवार ने पुरानी रंजिश में हत्या बताकर रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन पूछताछ में खुला है कि आरोपी को शक था कि जरी कारीगर के उसकी पत्नी से संबंध हैं। उसने अपनी पत्नी से भी मारपीट की थी।

35 साल का अरशद एक जरी कारखाने में कारीगर था। परिजनों के मुताबिक उसकी भाभी की तबियत खराब थी। उनके लिए खून का इंतजाम करने अरशद शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे ब्लड बैंक जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आमिर ने उसपर अचानक चाकु से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल अरशद को परिजनों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, वहां इलाज के दौरान शाम पांच बजे उसकी मौत हो गई।

अरशद के पिता जहीर अहमद ने बारादरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आमिर और उसके बेटे फरमान ने उनके बेटे की चाकू मारकर हत्या की है। बताया है कि अरशद और आमिर के बीच करीब एक महीने पहले शादी समारोह में झगड़ा हो गया था। उसके बाद से आमिर उनके बेटे से रंजिश मानता था और उसकी हत्या कर दी।

> **पत्नी पर शक की वजह से की हत्या**
>
> घटना की सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी सिटी मानुष पारीक व सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने भी मुआयना किया। उन्होंने पूछताछ की तो पता लगा कि आमिर शक्की मिजाज इंसान है। चूंकि अरशद की शादी नहीं हुई थी, और उसका आमिर के घर की ओर आना जाना था, तो आमिर को लगता था कि उसकी पत्नी से उसके संबंध हैं। इस वजह से वह कुछ दिनों से अपनी पत्नी की भी पिटाई कर रहा था।

# पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**चांदपुर।** आपत्तिजनक फोटो खीचने व उन फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर लगातार उसका शारीरिक शोषण करने व घर में घुसकर गाली गलौच कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को पुलिस मामला दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। गौरतलब है कि इस संबंध में पीड़ित महिला ने 3 मार्च 25 को थाना चांदपुर में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही के करने की गुहार लगाई थी। जिसमें थाना चांदपुर पुलिस ने 6 मार्च 25 को तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जाँच शुरू कर दी थीं। चांदपुर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पा रही है, जिसको लेकर पीडित महिला दर-दर की ठोकरे खा रही है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इन दबंग लोगों से उनको जान का खतरा बना हुआ है, जिसके लिए पीड़ित पक्ष ने जान व माल की रक्षा करने व आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के लिए अब एसपी से गुहार लगाई है।

# रेसलिंग चैंपियन अंकुश अधाना सम्मानित

**गोल्ड मेडल जीतने पर खुशी की लहर**

**नांगल सोती।** राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले अंकुश को ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया।

भोपाल में आयोजित 47 वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 में नांगल क्षेत्र के ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी अंकुश अधाना पुत्र खिलेन्द्र सिंह पहलवान ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर वर्ग के 85 किग्रा भार उपवर्ग में लेफ्ट हैंड से खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था। रविवार को ग्रामीणों ने गांव का नाम रोशन करने पर अंकुश अधाना को फूलमालायें पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधान डा. महिपाल सिंह ने कहा कि अंकुश की सफलता गांव एवं क्षेत्र के अन्य युवकों के लिये भी प्रेरणादायक बनेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान डा. महिपाल सिंह के अलावा पीतम सिंह, राजपाल सिंह, कैलाश सिंह, देवेन्द्र सिंह, जगमाल सिंह आदि मौजूद रहे।



# हीमपुर दीपा में नहीं रूक पा रहा अवैध खनन

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि जिलाधिकारी के आदेश केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गए है और माफिया है कि अपने काम को आराम से अंजाम दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम छोईया नंगली से चौकपुरी को जाने वाले कच्चे मार्ग पर 20 से भी अधिक डंपरों द्वारा खनन ले जाया जा रहा है, जिस पर प्रशासन का जरा भी रोकटोक नहीं है। विशेष बात यह है कि यह खनन हीमपुर दीपा, हल्दौर और नूरपुर थाना पार कर अपनी मंजिल पर पहुंच रहा है। तीन थानों को पार कर यह खनन मंजिल को पहुँच रहा है।

# भाजपा शासन में ईमानदार अधिकारियों को किया जा रहा दरकिनार

**कालागढ़।** राज्य आंदोलनकारी और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड की जानी-मानी आईपीएस पुलिस अधिकारी रचिता जुयाल के पुलिस सेवा से इस्तीफा की पेशकश पर गहरा दुख पहुंचा और सरकार से नाराजगी व्यक्त की है। रचिता जुयाल जैसी योग्य और कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार अधिकारी को इस्तीफा इसलिए देना पड़ा है। क्योंकि उन्होंने एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी को भ्रष्टाचार करते पकड़ा था और जिस टीम ने उनके नेतृत्व में इस कारनामे को अंजाम दिया था। उस टीम के कनिष्ठ अधिकारियों को पुरुस्कृत किए जाने की बजाय राज्य सरकार द्वारा तिरस्कृत किया जा रहा है और उन अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। इस मामले में उत्तखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया है कि वह स्थिति की गंभीरता को समझे और उत्तराखंड की एक योग्य पुलिस अधिकारी और आईपीएस रैंक के अधिकारी के सम्मान की रक्षा करें और अधिकारियों को दंडित करने के बजाय उनके सम्मान की रक्षा करें। यही उत्तराखंड के हित में है। उन्होंने कहा कि पुलिस हो या प्रशासनिक अधिकारी हो यदि वह अच्छा काम करते हैं, उनका सम्मान करें। लेकिन उन्हें पुरुस्कृत करने की बजाय दंडित किया जाता है, तो इससे पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं का मनोबल गिरता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह आईपीएस रचित जुयाल की भावना को समझे और बेईमान लोगों के खिलाफ जो अभियान चल रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर महिलाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को किया नमन



**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर में महिलाओं द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया गया और नगर के मुख्य बाजार विल्सन गंज से होकर तहसील में यात्रा का समापन हुआ तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका चारु कौशिक ने भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई की सराहना की और शहीदों को नमन किया। तिरंगा यात्रा में मुस्लिम समाज से भी महिलाओं ने भाग लिया और भारत माता की जय के नारे लगाए और हाथों में तिरंगा लेकर शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा में विभाग संयोजिका महिला समन्वय सीमा रानी, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा भाजपा दीक्षा माहेश्वरी, नीलम रेंडर, उषा जौहरी, कुमकुम मालपानी, संगम मालपानी, सुवर्णा माहेश्वरी, हेमा सिंह के साथ सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा में पियूष माहेश्व. री, अवढर शर्मा, अनुज माहेश्वरी, आलोक माहेश्वरी, अतुल सक्सेना (फौजी), सचिन शर्मा, सौरभ माहेश्वरी, पत्रकार योगेंद्र उपाध्याय, गणेश मालपानी, राम अवतार (प्रधानाचार्य), मोहित कुमार, अमृतांश कौशिक, यथार्थ कौशिक आदि पुरुषों ने भाग लिया।

# विकास खंड आसफपुर में विशेष सचिव ने विकास खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक बीते शनिवार को विशेष सचिव राहुल सिंह ने आकांक्षी विकास खंड आसफपुर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें सी एम फॉलो रजनीश कुमार पटेल के सहयोग से यहां की विकास खंड अधिकारी ज्योति शर्मा के निर्देशन में ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह , ए डी ओ आई एस बी भूपेंद्र सिंह , खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सुख गंगवार , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार , बाल विकास परियोजना अधिकारी ओ पी विमल , पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभाष कुमार द्विवेदी , डॉक्टर सत्यपाल सिंह , बी पी एम आशुतोष शर्मा , लाल गणेशी लाल इंटर कालेज औरछी के प्रधानाचार्य सूर्यकांत पाठक , सगुप्ता बी सहित कृषि रक्षा इकाई केंद्र के अधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे । इस दौरान समीक्षा बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी ओ पी विमल ने अपनी विभागीय प्रगति यात्रा पेश की जिसमें उन्होंने बताया कि विकास खंड आसफपुर क्षेत्र में बाल विकास परियोजना कार्यालय पर आठ सुपर वाइजर के स्थान पर मात्र एक ही सुपर वाइजर के भरोसे व्यवस्था चल रही है इसके चलते लाभार्थियों को मिलने वाला पुष्टाहार नीयत समय से पोषण टेकर एप पर एंट्री करने में खासा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग , शिक्षा विभाग , कृषि रक्षा इकाई केंद्र आदि विभागीय कार्यों की समीक्षा व प्रस्तुतीकरण किया गया । इस समीक्षा बैठक में बी पी एम आशुतोष शर्मा ने बताया कि यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 6 डॉक्टरों के स्थान पर मात्र एक ही डॉक्टर के सहारे स्वास्थ्य व्यवस्था टिकी हुई है । बैठक के दौरान विशेष सचिव राहुल कुमार ने अलग अलग विभागों के विकास की गति को तेज करने के सख्त निर्देश दिए । यह समीक्षा बैठक शनिवार सुबह से देर शाम तक चली ।

# सकुशल संपन्न हुई संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जनपद में परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बनाए गए चार परीक्षा केंद्रों में कुल 1441 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में कुल 1281 तथा द्वितीय पाली में कुल 1285 ने परीक्षा दी। यह जानकारी परीक्षा के नोडल व दास डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आशीष सक्सेना ने दी।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को दो पेपर अलग-अलग पालियों में देने थे। परीक्षा के लिए बनाए गए चार केंद्रों में राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में कुल 173 अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 143 व द्वितीय पाली में 142 ने परीक्षा दी, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में कुल 384 अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 350 व द्वितीय पाली में 352 ने परीक्षा दी, पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कुल 384 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 344 व द्वितीय पाली में 345 ने परीक्षा दी तथा एनएमएसएन दास डिग्री कॉलेज में कुल 500 अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 444 व द्वितीय पाली में 446 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का कैम्प ओरछी में हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फैजगंज बेहटा।** विकासखण्ड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम औरछी में रविवार को कृषि विकसित संकल्प अभियान में कृषि व पशु पालन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई जिसमे काफी किसानो ने उन महत्वपूर्ण जानकारियो पर अमल करने का भी आश्वाशन भी दिया। इस कैम्प में कृषि बैज्ञानिक, इएफओ कृषि विभाग से बृजेश कुमार मौर्य सहायक तकनिकी, प्रबंधक सोनू कुमार, एडीओ एग्रीकल्चर मो0 अफजल मालिक व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्वास्थ्य खराब होने के बाद हुई विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिल्सी कोतवाली के मूसेपुर गांव में, मुकेश की पत्नी निशा की अचानक तबीयत बिगड़ी। परिवार वाले उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के दौरान विवाहिता की इलाज को ले जाते समय मौत। मामला बिल्सी कोतवाली के मूसेपुर गांव का है। यहां के रहने वाले मुकेश पुत्र रघुवीर की पत्नी निशा की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ी तो मुकेश और उनके परिवार के लोग अस्पताल लेकर जा रहे थे, इसी दौरान निशा की रास्ते में ही मौत हो गई। निशा की मौत की जानकारी कोतवाली पुलिस को मिली तो पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# शिकायत दर्ज कराने जा रहे युवक के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में दौलतपुर स्टैंड पर दो लोगों के खिलाफ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल का मुकदमा दर्ज किया गया है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्टैंड पर मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की ओर से आरोप लगाया गया है कि वह सोशल मीडिया पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ वायरल हुई एक आपत्तिजनक वीडियो की शिकायत दर्ज कराने जा रहा था, तभी रास्ते में रोककर गालियां दी गईं और मारपीट की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी का केस दर्ज किया है। आजाद समाज पार्टी युवा मोर्चा के बिसौली के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने नैत्रपाल पुत्र ओम सिंह ने दी तहरीर में बताया कि 19 मई को सोशल मीडिया पर बाबा साहब को अपमानित करती एक वीडियो वायरल हुई थी, जिसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए वह गुलशन पुत्र छत्रपाल सिंह के साथ वजीरगंज थाने जा रहे थे।जब वे दौलतपुर स्टैंड पहुंचे, तभी गांव दौलतपुर के रहने वाले अनिल पुत्र छत्रपाल और लालू ठाकुर पुत्र महेश सिंह ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए धमकी दी कि जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि तुझे जान से मार देंगे। आरोपी पहले भी बाबा साहब के चित्र का अपमान और अश्लील गानों के साथ वीडियो वायरल कर चुके हैं। वजीरगंज थाना पुलिस ने नैत्रपाल की तहरीर के आधार पर अनिल और लालू ठाकुर के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के साथ-साथ अन्य संगीन धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हाइवे पर कार ने बाइकों में मारी टक्कर, एक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में शाहजहांपुर के युवक अरविंद की मौत हो गई और उसकी पत्नी, बेटा और बहनोई घायल हो गए। तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक सवार शाहजहांपुर के रहने वाले युवक की मौत हो गई।

युवक की पत्नी, बेटा और बहनोई घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक सवार भी एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हादसा सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के एमएफ हाईवे स्थित सिलहरी गांव के पास बीती शाम को हुआ। बाइक सवार वजीरगंज थाना क्षेत्र के बनकोटा गांव के रहने वाले जगवीर, शाहजहांपुर जिले के परौर थाना क्षेत्र के गियोड़ी गांव के रहने वाले अपने साले अरविंद 24 वर्ष पुत्र खुशीराम उसकी पत्नी मोहिनी 22 वर्ष और चार साल के बेटे केशव को साथ लेकर बदायूं से बनकोटा गांव जा रहे थे।

दूसरी बाइक सवार वजीरगंज के राजेंद्र पाल पुत्र विक्रम पाल घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने दोनों बाइकों बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती, जहां हालत गंभीर होने पर अरविंद को राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। जहां अरविंद की मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी मो. हिनी, बेटा केशव और बहनोई जगवीर व दूसरी बाइक सवार राजेंद्र घायल हो गए। अरविंद की मौत की जानकारी मिलने के बाद उनके परिजन भी मौके पर पहुंचे। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसे को लेकर प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस कोतवाली मनोज सिंह ने बताया कि जिस कार से हादसा हुआ है, उसे कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# मरे हुए कुत्ते को फेंकने के विरोध में दबंगों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी निवासी मुन्ने सिंह पुत्र टीकाराम ने थाने पर तहरी देते हुए बताया बीते 22 मई को समय सुबह करीब आठ बजे पड़ोस के रहने वाले पृथ्वीपाल का पालतू पिल्ला पीड़ित के गेट के सामने मरा पड़ा था तब पीड़ित की भतीजी रेखा ने आरोपी से मरे हुए कुत्ते के पिल्ले को दरवाजे से हटाकर गांव के बाहर फेंकने के लिए कह दिया था इसी बात को लेकर उक्त व्यक्ति उग्र हो गया और पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के परिवार के अन्य लोग पीड़ित को गाली गलौज करने जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो पीड़ित के साथ उक्त दबंगों ने लात घुसो और लकडी की फन्टी से मारपीट कर दी जिसे पीड़ित और पीड़ित की पत्नी सारदा देवी गंभीर रुप से घायल जिसके बाद मौके पर मौले के तमाम लोग एकत्र हो गए जिस के बाद आरोपी मौका पाकर जान



मानने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित डर की वजह से अपने घर में चुपचाप बैठ गया आरोप आए कि इतने में भी दबंग लोगों के मन नहीं भरा तो उन्होंने रात्रि करीब 8:00 बजे हाथो में लाठी डंडा नाजायज तमंचों से फायरिंग करते हुए पीड़ित के घर में घुस गए और घर में तोड़फोड़ कर दी जिसका वीडियो पीड़ित ने बना लिया और थाने जाकर मामले की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, बेटा-पति घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में पति और बेटा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। हादसे में पति और बेटा घायल हो गए। घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद महिला के शव को परिजनों को सौंप दिया। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसा सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के बदायूं-मथुरा हाईवे स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास हुआ। यहां बाइक सवार उझानी कोतवाली के संजरपुर बालजीत के रहने वाले वीरेंद्र पुत्र गोकुलराम अपनी 60 वर्षीय पत्नी वीरवती और 35 वर्षीय बेटे मुनीश के साथ डाक्टर के यहां से दवा लेने के बाद बदायूं से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां वीरवती की मौत हो गई, जबकि उनके पति वीरेंद्र और बेटे मनीष का इलाज जारी है। महिला वीरवती की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, जबकि कार अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसी। वहीं हादसे को लेकर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि कार और बाइक की टक्कर में महिला की मौत हुई है, जबकि उनका बेटा और पति घायल हैं। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों वाहन कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी गई है।इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां वीरवती की मौत हो गई, जबकि उनके पति वीरेंद्र और बेटे मनीष का इलाज जारी है। महिला वीरवती की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, जबकि कार अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसी। वहीं हादसे को लेकर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि कार और बाइक की टक्कर में महिला की मौत हुई है, जबकि उनका बेटा और पति घायल हैं। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों वाहन कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

# मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा की कार्यशैली भाजपा कार्यकर्ता खुश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल आसफपुर के मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के मंडल अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा कार्यकर्ता खुश नजर आ रहे हैं काफी लम्बे समय के बाद मंडल आसफपुर में कार्यकर्ताओं के बीच चल रही गुटबाजी समाप्त हो चुकी है गुटबाजी के चलते हर चुनाव में पार्टी को मंडल आसफपुर से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था बताया जाता है कि पूर्व में रहे मंडल अध्यक्ष के रहते पार्टी में कार्यकर्ता ओ के बीच भारी गुटबाजी देखने को मिली थी और पूर्व मंडल अध्यक्ष पर कार्यकर्ताओं द्वारा तरह तरह के आरोप भी लगते रहे थे लेकिन जैसे ही नवागत मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने मंडल की कमान संभाली है तभी से उन्होंने गुटबाजी को



विराम लगाकर दिखा दिया है कि पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी बर्दाश नहीं की जाएगी मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने पार्टी की छवि को धूमिल करने वाले पदाधिकारियों की लिस्ट बनाकर सब को नसीहत देने की भी पूरी तैयारी कर ली है जिससे ईमानदार छवि के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक समान है और सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के मानसमान का ध्यान दिया जाएगा और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ताओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय होता है तो वो अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़े है मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा की कार्य शैली से मंडल आसफपुर में कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है अब देखना है कि मंडल अध्यक्ष अपने विरोधियों को जो कि पार्टी की छवि को धूमिल करने लगे थे उनके साथ क्या कार्रवाई कर पाते हैं ये तो आने वाला समय ही बताएगा

# नशा खोरी से हो रही है नई नस्ल बर्बाद: हाफिज शरीफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बदायूं।** जब किसी कौम की जवानी बिगड़ जाए, तो समझो उसका मुस्तकघबिल अंधेरे में डूब चुका है। आज हमारी नई नस्ल जिस खतरे की गिरफ्त में है, वह है नशा खघेरी। एक ऐसी लानत, जो जिस्म को नहीं, रूह को भी जखघ्मी कर देती है। हाफिज शरीफ जामी ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने देखा है कि किस तरह तालीमगाहों के गुलशन में खिले हुए फूल, हमारे नौजवान नशे की आग में झुलस रहे हैं। वो आंखें जो किताबों में रोशनी तलाश करती थीं, अब धुंए में खोती जा रही हैं। ये आलम देखकर दिल काँप उठता है, आंखों से आँसू टपकते हैं। नशा महज एक आदत नहीं, एक बर्बादी की दास्तान है। सिगरेट से शुरू होकर शराब, चरस, हेरोइन और न जाने कौन-कौन से जहर इंसान को इंसान से जानवर बना देते हैं। वह न घर का रह जाता है, न बाहर का। ऐसे नौजवान जो कल इस मुल्क की बागडोर संभालने वाले थे, वह आज अपने होश खो बैठे हैं। माँ-बाप की उम्मीदें टूट रही हैं, घरों में वीरानी छा रही है। ये सिर्फ एक शख्स की तबाही नहीं, पूरी नस्ल की बर्बादी है। हकघीकघ्त ये है कि इस वबा से लड़ने के लिए सिर्फ हुकूमत की तदबीर काफी नहीं। हर घर, हर स्कूल, हर मस्जिद, हर इदारा सबको मिलकर आवाज उठानी होगी। मां-बाप को चाहिए कि बच्चों से दोस्ती करें, उनसे खुलकर बात करें। उस्तादों को चाहिए कि वो तालीम के साथ तरबियत का भी फर्ज अदा करें। मस्जिद और मदरसे, जिन्हें मरकज बनना था नूर का, उन्हें चाहिए कि इस अंधेरे को दूर करने के लिए मिंबर से आवाज बुलंद करें। हाफिज शरीफ जामी ने अपील की कि वह दिल की गहराई से ये पैगाम देना चाहता हूँ ष्ए नौजवान! तू किताब से रिश्ता जोड़, नशे के गिलास से नहीं। तेरी आँखों में रोशनी होनी चाहिए, धुआं नहीष अगर आज हमने अपनी नई नस्ल को न बचाया, तो कल का इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा। ष्नशा छोड़ो, जिन्दगी अपनाओ, कघ्लम थामो, जहर नहीं।

# तहसीलदार ने गांव में पहुंचकर सरकारी चकरोड को कराया कब्जा मुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बीते दिन रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव उल्ला - जाफर पुर में पिछले कई वर्षो पुराना सरकारी रोड अतिक्रमणकारियों से कब्जा मुक्त कराया । बताया जा रहा है कि गांव उल्ला में कई वर्ष पुराने चकबंदी के समय से ही गांव के कुछ प्रभाव शाली लोगों ने सरकारी चकरोड पर अतिक्रमण कर लिया था जो कि नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव ने लेखपाल अनुज कुमार , आदित्य कुमार , दीपक भटनागर राजस्व टीम के साथ मिलकर कब्जा मुक्त कराया गया । इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक नजीर अली , कांस्टेबल बी एस चौहान आदि मुस्तैद रहे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव उल्ला निवासी भुवनेश , महेंद्र व राजवीर आदि लोग दबंगी के चलते सरकारी चकरोड पर काफी लंबे समय से काबिज थे ।

# प्रदर्शन कर एसएसपी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** आजाद अधिकार सेना ने एसएसपी को ज्ञापन दिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि पुलिस विभाग के भ्रष्टाचार के कारण लोग पीड़ित आजाद अधिकार सेना ने एसएसपी को ज्ञापन दिया। इससे पहले भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि पुलिस विभाग के भ्रष्टाचार के कारण काफी पीड़ित और प्रताड़ित हैं। पुलिस द्वारा लोगों के साथ जिस प्रकार का दुर्व्यवहार एवं अमानवीय कार्य किया जाता है एवं बिना किसी कारण के गाली गलौज एवं मारपीट की जाती है उसके कारण आम लोगों के दिलों में पुलिस की छवि अच्छी नहीं रही है। जिलाध्यक्ष इंतजार हुसैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा कमरुल निशा मौजूद थे।

# मीडिया कर्मी की माता का बीमारी के चलते हुए निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** सैदपुर के मीडिया कर्मी नदवारी गांव निवासी प्रदीप पाल की मां विद्यावती पत्नी लाला बाबू 68 वर्ष का बीमारी के चलते निधन हो गया। बरेली में उपचाररत प्रदीप की मां को शनिवार को डाक्टर ने जवाब देते हुये घर ले जाने को कहा। जिसके बाद वे उन्हें घर ले आये। शाम के समय उनका निधन हो गया। विद्यावती के निधन के बाद सामाजिक संगठन, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व मीडिया कर्मियों ने शोक व्यक्त किया।

## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# घटनाओं में घिरे रहे कुंवर गांव के इंस्पेक्टर से छिना चार्ज, वेदपाल सिंह को सौंपी जिम्मेदारी

**अजीत कुमार, शाह टाइम्स**

**कुंवर गांव ।** डेढ़ माह पहले वजीरगंज से कुंवर गांव पोस्टेड हुए थाना प्रभारी अरविंद कुमार को एसएसपी बृजेश कुमार ने देर रात हटा दिया । क्योंकि वह चार्ज मिलते ही घटनाओं में घिरे रहे । अरविंद कुमार को कुंवर गांव चार्ज मिलते ही दुगरैया में दो पक्षों में हुई फायरिंग काफी चर्चाओं में रही जहां इंस्पेक्टर अरविंद कुमार पर एक पक्ष के घर में दबिश के दौरान तोड़ फोड़ करना व महिलाओं से अभद्रता करने का भी आरोप लगा ।जिसके बाद खासपुर में मौजूदा प्रधान व दूसरे पक्ष में फायरिंग हो गई जिसमें मौजूदा प्रधान के पैर में गोली लगी थी।जिसके बाद 13 मई को दुगरैया शराब ठेके पर सेल्समेन मुकेश की गोली मारकर हुई हत्या किसी के गले नहीं उतर रही है मृतक के भाई रामवीर ने शराब कंपनी के ज्योति मेंदीरत्ता व खुराना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है पीड़ित मृतक के भाई का कहना है कि पुलिस घटना को मोड़ रही है रिपोर्ट में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है पुलिस ने घटना का फर्जी खुलासा कर वाहवाही लूट ली जिसके बाद परिजन एडीजी बरेली से भी शिकायत कर चुके हैं उनका कहना है कि अगर इंसाफ नहीं मिला तो वह जल्द लखनऊ जाकर जनता दरबार में मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे । क्षेत्र के लोग इंस्पेक्टर का ट्रांसफर सेल्समेन मर्डर केस से भी जोड़कर देख रहे हैं वहीं कुंवर गांव में बीते मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में भैंस खरीदने आए युवक के साथ कोल्डड्रिंक में नशा देकर 1.70 हजार की लूट हुई थी पुलिस तीन दिन तक तहरीर लेकर मामले को दबाए



बैठी रही पीड़ित थाने के चक्कर काटता रहा जिसके बाद पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की तो इंस्पेक्टर का कारनामा उजागर हुआ जहां पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना पड़ा ।वहीं माननीय सदर विधायक के यहां भी लगातार शिकायतें हुई ।सदर विधायक भी इंस्पेक्टर से नाराज थे। क्षेत्र के गांव बगरा. पुर में भाजपा नेता और बूथ अध्यक्ष के परिवार के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में दो मुकदमा लिखना काफी चर्चाओं में रहे। क्षेत्र के प्रधानों ने भी सदर विधायक से जमकर शिकायतें की ।और एसएसपी बृजेश कुमार ने बीती रात इंस्पेक्टर अरविंद कुमार से थाने का चार्ज छीनते हुए अपराध शाखा में रहे वेदपाल सिंह को थाने की जिम्मेदारी सौंपी है ।

# इस्लामनगर मे 54 वें सालाना उर्स मेले का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**इस्लामनगर।** दरगाह हजरत शाह सदररूदीन मियां रहमतुल्लाह के 54 वें सालाना उर्स मेले का कुल शरीफ के साथ समापन हुआ । मेला कमेटी ने कुल शरीफ के मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में एसडीएम बिल्सी व वीडियो इस्लामनगर को बुलाया और मेला कमेटी के अध्यक्ष ने माला पहनकर वह ट्रॉफी देकर एसडीएम बिल्सी व वीडियो को सम्मानित किया। इसके बाद उर्स के समापन पर हर साल की तरह इस साल भी उर्स कमेटी ने मेले में सबसे अच्छी दुकान के मालिकों को नाम वाइस बुलाकर चीफ गेस्ट के हाथों से सील्ड देकर सम्मानित किया व पत्रकार और पुलिस प्रशासन को भी सम्मानित किया गया। उर्स मेला में बड़ी संख्या में अकीदतमंदो सने हाजरी दी,और दुआ की। उर्स का आगाज 15 मई को कुरान खाने के साथ हुआ उसके बाद मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ जिसमें हजरत शाह सदरूद्दीन मियां रहमतुल्लाह आलैह की शान मैं नाते पढ़ी गई। शुक्रवार शाम को हिंदुस्तान के मशहूर मारूफ कव्वाल सरदार हसन मुलाई( दरगाह के पगड़ी बन्द कब्बाल)ने कलाम पेश किया। कुल शरीफ के साथ उर्स के समापन पर अकीकतमन्दो ने मजार पर फताह दारूद पढ़ कर अपनी और अपने मुल्क के लिए दुआएं की।

# बीएड प्रवेश परीक्षा से 629 ने किया किनारा

## जिले के पांच केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा से 629 अभ्यर्थियों ने किनारा कर लिया। 4538 में से 3909 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे। सैक्टर मजिस्ट्रेट लगातार केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे।

रविवार को जिले के पांच केन्द्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस का कड़ा पहरा रहा। जेएस हिन्दू पीजी कालेज पहली पाली में 77 जबकि दूसरी में 73, जेएस हिन्दू पीजी कालेज ब्लाक बी में पहली पाली में 318 जबकि दूसरी में 311, जेएस हिन्दू इंटर कालेज में पहली पाली में 64



जबकि दूसरी में 63, आईएम इंटर कालेज में पहली व दूसरी पाली में 63 जबकि राजकीय इंटर कालेज में पहली पाली में 55 जबकि दूसरी में 54 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। पांचों केन्द्रों पर 629 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किये गये थे।

### भारी वाहनों की शहर में रही नो ऐन्ट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को भी डायवर्ट कर दिया गया। भारी वाहन समेत कार व ऑटो का भी संचालन बदले मार्गो से किया गया। बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को दुरस्त रखने के लिए रविवार को वाहनों को डायवर्ट किया गया। शहर में भारी वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों की भी नो ऐन्ट्री थी। इसके अलावा ई रिक्शा व आटो के रूट भी निर्धारित किये गये थे। सभी चौराहों पर यातायात व स्थानीय पुलिस तैनात की गयी थी ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### तीसरी आंख की निगरानी में हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गयी। जबकि दो सौ मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकाने पूरी तरह बंद रहीं। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सफल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पिछले काफी दिनों से तैयारी में लगा था। परीक्षा को नकलविहिन कराने के लिए डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्देश जारी किये जा रहे थे। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गयी। जबकि केन्द्र के दो सौ मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानों को भी बंद कराया गय। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# ट्रैक्टर पर चढ़ते समय छात्र पर उतरा पहिया, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्रैक्टर पर चढ़ते समय गिरे छात्र की पहिया उतरने से मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर माफी का है। यहां पेशे से मजदूर रवि कुमार का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी भूरिया देवी के अलावा चार बेटे हैं। उनका बड़ा बेटा विनीत कुमार स्थानीय एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। स्कूल की छुट्टियां होने पर विनीत परिवार को आर्थिक सहारा देने के लिए गांव के ही उसमान के ट्रैक्टर-ट्राली पर काम कर रहा था। गांव के अन्य युवकों के साथ वह ईंटे ढोहता था। रविवार सुबह वह ईंटे उतराने गांव सहसपुर अलीनगर गया था। बताया जा रहा है रास्ते में पढ़ने वाले आईटीआई कालेज के पास एक पेड़ से आम तोड़ने के लिए उतरा विनीत जब वापस चलते ट्रैक्टर पर चढ़ा तो उसका पैर फिसल गया। जिससे वह नीचे गिर गया, ट्रैक्टर का पहिया उसके उपर उतर गया। गंभीर घायल विनीत को पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में पोस्टमार्टम कराए बिना मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने घटना संज्ञान में होने से इनकार किया है।

# हाइवे पर दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत

## वृद्धा की मौत, बेटी व नातिन गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो कारों की भिड़ंत में वृद्धा की मौत हो गई जबकि मृतका की बेटी व नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर शव पोस्टमार्टम को भेजा। मामले में कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाना क्षेत्र की सीमा में हाईवे पर हादसा शनिवार सुबह वेंकटेश्वरा पुलिस चौकी के पास फ्लाई ओवर पर हुआ। मुरादाबाद शहर के मोहल्ला दीनदयाल नगर में पवन रस्तौगी का परिवार रहता है। वह अपनी 90 वर्षीय सास राममूर्ति देवी, पत्नी बबीता रस्तौगी व बेटी मानवी के साथ वैगनआर कार में सवार होकर मेरठ जा रहे थे। फ्लाईओवर से गुजरते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार आईटेन कार ने वैगनआर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पवन रस्तौगी बाल-बाल बच गए जबकि राममूर्ति देवी, बबीता व मानवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने राममूर्ति देवी को मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त कारों को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी कार चालक को जल्दी गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

# बंद पड़े मकान से लाखों का माल उड़ाया

## एक महीने में चोरी की दूसरी वारदातें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** एक बंद पड़े मकान में अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपये के समान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सूचना पर कस्बा इंचार्ज द्वारा मौका मुआयना किया गया है। चोरों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। पीड़ित गृह स्वामी द्वारा एक महीने में दो बार चोरी होने से पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाये हैं।

नगर के पुराना डाकघर से मोहल्ला लाल. बाग को जाने वाले मार्ग पर राजबाला शर्मा पत्नी स्वर्गीय अभय शर्मा का मकान है। यह मकान काफी समय से बंद है। राजबाला अपने परिवार के साथ ग्रीन सिटी में रह रही हैं। रविवार को वह अपने बंद पड़े मकान पर आई तो जीने का ताला खोलकर जैसी वह ऊपर पहुंची तो उनके होश उड़ गये। दोनों कमरों की ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा मौका मुआयना किया गया। पीड़ित राजबाला द्वारा बताया गया की 1 मई को उनके पड़ोस में विशाल शर्मा के यहां तथा 6 मई को उनके



मकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई थी एक महीने में ही दो बार चोरी होने से प्रतीत होता है कि चोरों के हौसले बुलंद है। पीड़िता द्वारा बताया गया कि घर में रखे पुराने बर्तन,पंख एवं घरेलू सामान चोरी हुआ है। जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए होगी। कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा चोरी की सूचना पर मौका मुआयना किया गया है।

## एक नजर

### हार्टअटैक से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** हार्टअटैक से मजदूर की मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र में हृदय गति रूकने से मौतों का सिल. सिला लगातार जारी है। बीते दिन यहां शिक्षामित्र की हार्टफेल होने से मौत हुई थी। वहीं ताजा मामला गांव चकफेरी का है। यहां का रहने वाला महीपाल सिंह (32) मेहनत मजदूरी कर परिवार का पेट पालता था। बीती सांय अचानक उसके सीने में दर्द उठा। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। यह देख परिजन घबरा गये तथा महीपाल को निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। डाक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत से घर में मातम छा गया। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

### लाइन ठीक करते करंट से झुलसा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** लाईन ठीक करते युवक को जोर का करंट लगा जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे हसनपुर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गुरैठा खादर निवासी अरविंद पुत्र जगदीश बिजलीघर से शटडाउन लेकर गांव चेकफेरी विद्युत लाइन सही कर रहा था। गांव सिमथला को जाने वाली लाइन में विद्युत करंट दौड़ रहा था। जब वह लाइल से टच हुआ तो गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे हसनपुर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### बुढ़नपुर-सिबौरा बिजलीघर का लोड बढ़ाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** भाजपाईयों ने बिजली मंत्री डा. सुरेन्द्र तोमर को ज्ञापन सोंप बुढ़नपुर सिबौरा बिजलीघर का लोड बढ़ाने की मांग की। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि गांव रसूलपुर गुर्जर, शेखपुर गुर्जर, सिबौरा, जग्गा नगला, ढेला नगला, मिलक डिडौली, शहबाजपुर कटाई आदि के किसान बिजली आपूर्ति की समस्या से काफी परेशान है। दस एमबीए मशीन को अन्य उपकेन्द्र पर भिजवा दिया गया है। जिससे किसानों को बिजली नहीं मिल रही तथा उनकी फसले सूख रहीं है। उन्होने ऊर्जामंत्री से समस्या दूर करने की मांग की। इस मौके पर संदीप पंवार, अशोक प्रधान, चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रेस कांफ्रेंस तीन को

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज में तीन जून को समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश में आ रही समस्याओं व समाधान विषय पर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जायेगा। यह जानक. ारी प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने दी।

# हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड

## दमकल की आठ गाड़ियों ने ढाई घंटे में पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। दमकल विभाग की आठ गाड़ियों में ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। आग की लपटे देख आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अग्निकांड में लाखों रूपये नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

घटना शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे की है। मुरादाबाद निवासी एक्सपोर्टर विजित अग्रवाल की कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया में एक्जोटिक इंडिया एक्सपोर्ट के नाम से फैक्ट्री है। हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में मेटल से घरों की डेकोरेशन से जुड़े प्रोडेक्ट बनाए जाते हैं, जिन्हें एक्सपोर्ट किया जाता है। पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि उस वक्त फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। आग की लपटे इतनी विकराल थी कि फैक्ट्री दूर से आग का गोला बनी दिख रही थी। अग्निकांड से इलाके में अफरातफरी मच गई।



आसपास रहने वाले लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं, आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आसमान छूती लपटें हवा के साथ बेकाबू होती रहीं। दमकल टीम का नेतृत्व कर रह मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार ने गजरौला, मुरादाबाद व सीएल गुप्ता से दो-दो दमकल गाड़ियों को मौके पर बुला लिया। दमकल की आठ गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं, फैक्ट्री में आग लगने के क्या कारण रहे, इसका पता फिलहाल नहीं चल सका है। हीट वेव के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# चैक बाउंस होने पर छह महीने जेल की सजा

## 4 लाख 8 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चेक बाउंस के मामले में एसीजेएम कोर्ट ने 6 महीने जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 4 लाख 8 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। धनराशि से 10 हजार रुपये राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी पालिका कर्मी रजनेश की मोहल्ला छंगा दरवाजा के रहने वाले अनिल से करीबी रिश्तेदारी है। साल 2020 में अनिल ने जरूरत बताकर रजनेश कुमार से तीन लाख रुपये उधार लिए थे। वादे के मुता. बिक पैसे नहीं लौटाने पर रजनेश ने जब तकादा किया तो अनिल ने बदले में 3 लाख रुपये की धनराशि का एक चेक दे दिया। लिहाजा, 15 जुलाई 2020 को तय तारीख पर रजनेश ने चेक अपने बैंक खाते में जमा करा दिया लेकिन अनिल के खाते में धनराशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पैसे लौटने में आनाक. ानी करने पर बाद में रजनेश ने मामले में 6 अक्तूबर 2020 को एसीजेएम प्रथम अभिषेक कुमार व्यास की कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट में चली सुनवाई के दौरान वादी की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद यूसुफ सिद्दीकी तो वहीं अभियुक्त अनिल की तरफ से मोहम्मद अकरम उस्मानी ने बहस की। बीती 22 मई को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अनिल को दोषी करार दिया। 6 महीने जेल की सजा सुनाई तथा 4 लाख 8 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# कार-बाइक की भिड़ंत में छात्रा की मौत

## बाइक सवार युवक भी गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उझारी- ढबारसी मार्ग पर कार और बाइक में आमने सामने की भयंकर टक्कर हो गई। जिसमें हादसे के बाद कार सड़क पर पलट गई। बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि भांजी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भसरोली निवासी बुद्धा सिंह का बेटा दानवीर रविवार को बाइक पर सवार होकर सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव करनपुर सुतारी से अपनी भांजी लक्ष्मी पुत्री सौदान सिंह को बाइक पर बैठा कर अपने घर आ रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक सैदनगली थाना क्षेत्र में उझारी- ढबारसी मार्ग पर गांव कुआं डाली के नजदीक बने अंडरपास के पास पहुंची तो अचानक उझारी की दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बाइक पर बैठी 15 वर्षीय लक्ष्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दानवीर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को तत्काल सरकारी एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर लाया गया। गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने घायल दानवीर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि पुलिस ने मृतक छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि मृतक छात्रा पड़ोस के गांव में स्थित एक पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा थी। वह दो भाई दो बहनों में दूसरे नंबर की थी। छात्रा की मौत से भाई अभिषेक,पुष्पेंद्र बहन कुसुम तथा मां भागवती समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर रोशन होंगी अमरोहा की सड़कें

## सड़कों के दोनों तरफ डैकोरेटिव पोल लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर की सड़कों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर डैकोरेटिव पोल लाइट से जगमग किया जायेगा। इससे शहर की सुन्दरता में चार चांद लगेंगे।

पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देशानुसार पालिका को शहर की सड़कों का विकास मुरादाबाद नगर निगम की तर्ज पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष शशि जैन के नेतृत्व में पालिका द्वारा लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। डम्पिंग ग्राउंड में वर्षो पुराने कूड़े से जैविक खादों का निर्माण हो रहा है। प्रत्येक गली व सड़क को पक्का कराने व नाले नालियों का निर्माण कराने में भी पालिका हर समय प्रयासरत् है। गली मोहल्लों में ईडी लाइटे चमक रही हैं। सरकारी शादी घर के लिए कल्याण मंडप की स्थापना करायी जा रही है। महानगरों व स्मार्ट सिटी की तर्ज



पर पालिका अब शहर को भी नया रूप देने के प्रयास में लगी है। टीपीनगर चौराहे से अटल चौक होते हुए लकड़ा तक मुख्य मार्ग के दोनों साइड स्मार्ट डैकेरेटिव पोल लगाये गये हैं। बीते दिन इसका ट्रायल भी किया गया।

# अवैध अल्ट्रासाउंड सैंटरों पर लटके ताले

## छापेमारी के डर से दुकानों के शटर गिराकर भूमिगत हुए संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** छापेमारी के डर से अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी लैब संचालक ताले लटकाकर फरार हो गये हैं। बताया तो यहां तक जाता है कि स्वास्थ्य विभाग उन्हें इसकी जानकारी मुहैया करा देता है। जिस कारण वह कार्रवाई से बच

### विभागीय छापे से पहले ही लीक हो जाती सूचना

जाते हैं तथा कुछ दिन शांत रहने के बाद फिर से अपना गोरख धंधा शुरू कर देते हैं। जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी लैब व अस्पतालों की भरमार है। जो स्वास्थ्य के लिए भी मोटी आमदनी का जरिया बने हैं। हर हाल इनसे लाखों की कमाई होती है। बताया जाता है कि पिछले दिनों जिलाधिकारी के निर्देश पर इनके खिलाफ अभियान शुरू किया गया था। जिसके तहत बीते दिन जोया स्थित केयर हॉस्पिटल के संचालक तैयब चौहान के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया था। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का खौफ अब अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड सैंटर व अस्पतालों के संचालकों पर दिखाई देने लगा है। हसनपुर क्षेत्र में दर्जनों अवैध सैंटरों पर ताले लटकाकर इनके संचालक फरार हो गये हैं। यही हाल जिले में अन्य स्थानों का भी है। पूर्व में जिला समन्वयक एवं विकास समिति की



### भाजपा नेता ने लगाए थे सीएमओ पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी ने अवैध अल्ट्रासाउंड सैंटरों को लेकर सीएमओ डा. सत्यपाल पर गंभीर आरोप लगाये थे। दोनों में बीच सड़क पर तीखी झड़प हुई थी। इस मामले में पिंटू भाटी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

बैठक में सांसद कंवर सिंह तंवर ने अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब व क्लीनिकों पर कार्रवाई की जाये। परन्तु उनके आदेशों को भी अधिकारियों ने अधिक तवज्जो नहीं दी। इतना ही नहीं जिस समय प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने जिले के विकास कार्यो की समीक्षा की थी तब भी उनके सामने इसका दुखड़ा रोया गया था। लेकिन हालात में बदलाव नजर नहीं आ रहा। स्वास्थ्य विभाग कुछ दिन की कार्रवाई के बाद शांत हो जाता है। इसके बाद फिर से ऐसे अस्पताल व अल्ट्रासाउंड सैंटर तथा पैथोलॉजी लैब के संचालक सक्रिय हो जाते हैं। जब तक विभाग इनके खिलाफ सख्त एक्शन नहीं लगा तब तक इस पर रोक लगाना मुश्किल है।

# मक्का के खेत में युवती का मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी







■ रेप कर हत्या की जताई आशांका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** जनपद के थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक सलमानियों वाली में उस समय हड़कंप मच गया जब घास काटने के लिए गई युवती का शव मक्का के खेत में पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण खेत के आसपास जमा हो गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मैनाठेर की मिलक की रहने वाली शाफिया ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री शनिवार की शाम 5 बजे अपनी चाची के साथ खेत पर घास लेने के लिए गई थी। मगर जब वह वापस नहीं आयी तब परिवार वालो को चिंता हुई तो उसकी तलाश शुरू कर दी मगर सुबह तक कोई पता नहीं चल पाया। जब सुबह ग्यारह बजे दोबारा तलाश की गई तो मक्का के खेत मे युवती का शव पड़ा हुआ मिला। मैनाठेर थाना क्षेत्र में युवती की निर्मम हत्या कर उसका शव मक्का के खेत मे फेक दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सलमानियो वाली मिलक निवासी आले हसन बेटी सायरा (20) शनिवार की शाम को घर घास लेने के लिए गई थी। लेकिन देर शाम तक घर नही लौटी तब परिवार वालो ने सायरा को काफी तलाशने के प्रयास किया लेकिन उसका कही सुराग नही मिल सका। जानकारी के मुताबिक सुबह सायरा की मां खेतो पर सायरा को तलाशने के गई थी। इस दौरान करीब 12 बजे नरोदा रोड पर मंदिर के पास जब्बर के मक्का के खेत मे सायरा का शव पड़ा मिला। सायरा की निर्मम तरीके हत्या की गई थी। घटना देख सायरा की मां की चीख निकल गई। चीख की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुँच गए। युवती का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया सैकड़ो की तादात में गांव के लोग मौके पर पहुँच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। बही मौके पर मैनाठेर इंस्पेक्टर किरन पाल सिंह पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे। और थोडी देर बाद सीओ बिलारी और एसपी देहात कुंवर सिंह आकाश घटना स्थल पर पहुंचे वही हत्या की सूचना पर एसएसपी सतपाल अंतिल भी मौके पर पहुँच गए। घटना की जानकारी पर फोरेंसिक विभाग की टीम भी मौके पर पहुँच गई। टीम ने घटनास्थल से सेम्पल जमा किये है।

## कंकाल मिलने से मंचा हड़कंप पुलिस ने डीएनए को भेजा, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस

**कुन्दरकी।** थाना इलाके के नानपुर में उसे समय हड़प्पा मच गया जब अचानक खेत में एक कंकाल पड़ा हुआ मिला जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है, इस कंकाल की शिनाख्त के लिए इस डीएनए के लिए भेजा जा रहा है। कंकाल काफी समय पुराना बताया जा रहा है

। दरसल गांव के ही रहने वाले राजेश और श्याम सुंदर पुत्र बृज गोपाल का खेत हाईवे से कुछ की दूरी पर है। झाड़ियां की तरफ अचानक ग्रामीणों ने कंकाल पड़ा हुआ देखा तो पुलिस को सूचना दी तत्परता दिखाते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और कंकाल को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने किया नि:शुल्क भोजन वितरण

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा रविवार को स्व. रमा देवी की पुण्य स्मृति में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो. पवन साडीज, रो. विकास मेंथा एवं वर्तमान अध्यक्ष रो अमित अप्पू ने रामबाग रोड स्थित वेणुगोपाल मंदिर पर नि:शुल्क भोजन एवं शरबत वितरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित अप्पू, सचिव अतुल गुड्डू, गिरीश हीरो, प्रवीन अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, भूपेन्द्र गुप्ता, पवन साडीज, विकास मेंथा, उमेश वार्ष्णेय, राहुल टनाटन, गिरिश गुप्ता, विनय अग्रवाल, प्रमोद सिंह, कमल किशोर, हैप्पी आर्य, टीटेश काका, प्रमोद गुरु, लोकेश वार्ष्णेय, दीपेश गुप्ता, महिमा जैन, रेखा गुप्ता, कल्पना अप्पू, करुणा गुप्ता, साधना गुप्ता, साक्षी गुप्ता, प्रतिभा सिंह, कनिष्का वार्ष्णेय, मनी पार्थव आदि रहे।

## न्यायालय उठने तक की सजा व 3500 रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

**चन्दौसी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत संभल पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने के क्रम में शनिवार को मु0अ0सं0 268/2001 धारा 338, 279, 304ए, भादवि थाना गुन्नौर जनपद संभल में अभियुक्त मेहन्दी हसन पुत्र अली हसन नि0 कबूलपुरा थाना कोतवाली बदायूं जिला बदायूं को माननीय न्यायालय जे.एम. गुन्नौर जनपद संभल द्वारा अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 3500 रु. के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# राज्य डांस चैम्पियनशिप में छाए नागपाल स्कूल के बच्चे

■ विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद स्थित वसुंधरा गार्डन में 16जी राज्य डांस स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2025 में नगर गजरौला के हाइवे स्थित नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा आराध्या राजपूत ने सेमी क्लासिकल में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। स्वरा श्रीवास्तव ने क्लासिकल डांस में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। अक्षय सिंह ने कंटेंपरेरी डांस में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी के साथ हॉरर डांस में भी नागपाल इंटरनेशनल स्कूल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश के सभी प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ ओवरऑल के लिए इंटरनेशनल स्कूल को ओवरऑल ट्रॉफी से सम्मानित किया गय। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को मिली इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल, मार्गदर्शक एवं पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व प्रधानाचार्या निशि सिंह ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये क्षण पूरे विद्यालय परिवार को गौरवांतित करने वाले हैं। कहा कि हमारे विद्यालय में



उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के साथ साथ छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये भी पूर्ण लगन के साथ काम किया जाता है।

# शिव पार्वती रसोई परिवार के तत्वाधान में आलू पूरी, हलवा-शर्बत का किया गया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज प्रकाश नगर चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की और आलू पूरी हलवा शरबत और जल वितरण किया गया आज की रसोई का आयोजन संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा अपने स्वर्गीय पिताजी श्री शीशपाल सिंह यादव जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर कराया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सत्येंद्र चौधरी केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष सुमित चौधरी बाहर के पूर्व महासचिव आनंद मोहन गुप्ता राज्य महिला आयोग के पूर्व सदस्य राजेश कुमारी यादव संरक्षक प्रत्यूष यादव महासचिव आशुतोष त्यागी अंकुर यादव डॉक्टर सत्यवीर चौहान डॉक्टर वर्षा यादव आशीष यादव राहुल शर्मा दुष्यंत यादव सुनीत अग्रवाल प्रमोद यादव बिट्टू कश्यप योगेश भारती ओम प्रकाश सिंह विवेक गुप्ता अभिनव चौधरी प्रमोद यादव अनुज कश्यप पारस त्यागी हरिओम




शर्मा मानव चौहान वीरेंद्र सिंह उषा यादव सुषमा चौधरी आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है और संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है और आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे।

संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है। 'अन्न है सभी के लिए' पुष्प यादव (अध्यक्ष) शिव पार्वती रसोई परिवार।

## श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**सुरजन नगर।** चौंकी क्षेत्र के गांव रामपुर घोघर में रविवार को आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व गांव की 101 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। रविवार को पुराने शिव मंदिर पर महिलाओं ने कलश पूजन के बाद हरिद्वार से आये गंगाजल को अपने अपने कलश में भरकर व पीले वस्त्र धारण कर अपने सिर पर रखकर कलश यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर सैनी धर्मशाला, हनुमान मंदिर, चामुंडा मंदिर, नव निर्मित शिव मंदिर होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हई। कलशयात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कथा वाचक पंडित जितेंद्र वशिष्ठ जी ने विधिविधान से कथा स्थल पर कलश स्थापित किये। कलश स्थापित के बाद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के प्रथम दिन जितेंद्र जी ने बताया प्रत्येक व्यक्ति को भगवान की कथा में जाना चाहिए भगवान की कथा सुनने से मनुष्य को मोक्षकी प्राप्ति होती है। कलयुग में भगवान की कथा ही मनुष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाती है। कथा में गांव के महिला व पुरुष उपस्थित रहे कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।



# मारपीट में दो नामजद सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** मजदूरी करके लौट रहे युवक को लाठी डंडो और धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी शाकिर पुत्र इवने हसन ने बताया कि उसका भाई नासिर वाहर मजदूरी करता है। बीती रात समय करीब शाम 10.00 वजे की है कि प्रार्थी का भाई नासिर वाहर मजदूरी से अपने घर आ रहा था। जैसे ही गांव कमालपुरी खालसा की नहर की पुलिया पर पहुँचा तो पीछे से सन्देश पुत्र हरकेश व भास्कर पुत्र सन्देश निवासीगण ग्राम कमालपुरी खालसा व भास्कर की मौसी का लड़का उसके भाई से जबरन शराब पीने से इंकार किया तो उक्त तीनो व्यक्तियों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डन्डे व धारदार हथियार से हमला किया और मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें उसका भाई बेहोश हो गया। घायल को उपचार के लिए नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के भाई की तहरीर पर उक्त तीनों आरो. पितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पांच वारंटी गिरफ्तार

**डिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर थाना डिलारी पुलिस ने अभियान चलाकर रविवार को पांच वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिए, गांव तुमरिया कला निवासी सरफराज, नविया, गांव गकखरपुर निवासी बबन, नगर पंचायत ढकिया निवासी साजिद और बारिश मुकदमे के दौरान कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।

अदालत की अवहेलना करने पर माननीय न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए, जिस पर थाना डिलारी पुलिस ने अलग-अलग गांव के पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**नामपरिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम ABARAR ALI से बदलकर ABRAR ALI पुत्र ISRAR रख लिया है। भविष्य में मुझे ABRAR ALI पुत्र ISRAR के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। अबरार अली पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 21 फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उ.प्र. 24460

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अर्पित शर्मा पुत्र स्वर्गीय रजनीश कुमार शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती प्रतीक्षा रमन शर्मा पत्नी अर्पित शर्मा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामा. जिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरी बेटी आयुषी शर्मा एवं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **सुमन शर्मा पत्नी स्वर्गीय रजनीश कुमार शर्मा निवासी मकान नंबर 9 कृष्णा आश्रम मंदिर वाली गली ताड़ीखाना तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# करनपुर में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों द्वारा भीषण गर्मी में शरबत वितरण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** चौराहा करनपुर में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने तेज गर्मी में रहागीरों को शरबत का वितरण किया, शरबत वितरण के कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान श्रीमती रेखा देवी ने फीता काट कर किया, और राहगीरो को शरबत पिलाने में सहयोग किया, ग्राम प्रधान श्रीमती रेखा देवी ने कहा कि आपस में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए, जिससे भाईचारा बना रहता है, संत निरंकारी मिशन का यही उद्देश्य है, कि मानव को मानव हो प्यार एक दूजे का बने सहारा रविवार को सुबह से ही तेज गर्मी को देखते हुए निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने कैंप लगाकर राहगीरों



के लिए शरबत वितरण की व्यवस्था की, राहगीरो ने शरबत पीकर राहत की सांस ली, यह कार्यक्रम प्रात: 10:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, त्रिवेणी शंकर, भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, राजवीर सिंह, पूरन सिंह, विपिन कुमार, महेंद्र सिंह, कमल कुमार, रामकुमार सिंह, रेखपाल सिंह, मुकेश कुमार, पप्पू सिंह, अभिनव ठाकुर, आस्था, वंशिका आदि। उपस्थित रहे।

# मनुष्य का तन ईश्वर भक्ति करने के लिए ही मिला है: संजीव कुमार शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्रांच करनपुर चौराहा पर क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम संत निरंकारी मिशन की ब्रांच करनपुर चौराहा में एक विशाल क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टेज पर विराजमान प्रचारक महात्मा संजीव कुमार शर्मा ने अपने प्रवचनों में ईश्वर भक्ति की महत्ता को समझाते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति करना प्रत्येक मनुष्य का कर्म होता है जो मनुष्य ईश्वर भक्ति में तल्लीन रहकर के अपना नाता सत्संग सेवा सिमरन के साथ जोड़ता है वह इस लोक में तो सुख भोगता ही है परलोक में भी वह सुख का भागीदार होता है। प्रत्येक मनुष्य का कर्म है कि वह ईश्वर का स्मरण सच्चे मन से करें प्रभु का सिमरन करें मनुष्य को अपना अधिकतर समय प्रभु सिमरन में लगाना चाहिए मनुष्य का तन ईश्वर भक्ति करने के लिए ही मिला है उन्होंने कहा की ष्माता-पिता मिल जाएंगे लख चौरासी माही हरि का सिमरन गुरु की भक्ति फिर मिलेगी नाहीष् मनुष्य जन्म में ही हरि का सिमरन और गुरु की भक्ति करने का सौभाग्य प्राप्त हो सकता है बाकी योनियों में तो इंसान को माता-पिता बीवी बच्चे अन्य प्रकार के भोग भोगने को मिल जाएंगे लेकिन मनुष्य योनि ही कर्म योनि है प्रत्येक मनुष्य का कर्म है कि वह सतगुरु के चरणों में जाकर ईश्वर की पहचान करके ईश्वर भक्ति करें तभी मानव जन्म की सार्थकता सिद्ध होती है सत्संग कार्यक्रम का संचालन पूरन सिंह ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बाबू सिंह, त्रिवेणी शंकर, कमल कुमार, भजन सिंह, महेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, कोमल सिंह, विपिन कुमार, राजव. ीर सिंह, रोशन सिंह, रेख पाल सिंह, अमन सिंह, ग्राम प्रधान रेखा देवी, नीतू देवी, सीमा देवी, पूनम, मो. निका, अनीता देवी, कमलेश देवी, सविता देवी, चंद्रावती, आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे सत्संग के पश्चात श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।



## एक नजर

### बकरीद शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को अमन कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**भोजपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। रविवार को थाना परिसर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में उपस्थित क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को संबोधित करते हुए से डिप्टी एसपी रूद्र कुमार सिंह ने पूर्व



की भांति इस बार भी ईद-उल-अजहा पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। शहर इमाम मौलाना मोहम्मद हनीफ ने लोगों से परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने, नई परंपरा शुरू नहीं करने और एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने खुले में कुर्बानी नहीं करने, प्रधानों से कुर्बानी के पशुओं के अवशेषों को चिंहित स्थानों पर पहुंचाकर गड्ढों में दबाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा।घ उन्होंने कहीं पर कोई समस्या आए तो मुझे या बीट प्रभारियों को सूचना देने को कहा ताकि उसका समय पर निस्तारण किया जा सके। बैठक में एसएसआई महेश पाल मलिक, कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह, उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज पंकज राठी, अर्शमान अंसारी, सभासद मौ यासीन सैफी, सभासद तौकीर कुरैशी, सभासद गयासुद्दीन, सभासद ताहिर, सभासद कल्लू, तहसीम पूर्व सभासद हाजी जाकिर व अशफाक खां, मौहम्मद हसन, प्रधान कमाल मुस्तफा मौहम्मद रिजवान, शकील प्रधान, सभासद हाजी मौ रफी आदि मौजूद रहे।

### युवती की जिद के आगे झुके प्रेमी और उसके परिजन, मंदिर में लिए सात फेरे

**भोजपुर।** दो दिनों की जद्दोजहद के बाद प्रेमी युगल प्राचीन शिव मंदिर में धार्मिक रीति-रिवाज से सात फेरे लेकर एक दूसरे के गले में वरमाला पहना कर विवाह के बंधन में बंध गए। शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने विवाह करने की जिद को लेकर कस्बे के एक मोहल्ला निवासी प्रेमी के



घर आकर डेरा डाल दिया था। प्रेमी किसी भी कीमत पर विवाह करने को तैयार नहीं था। वहीं प्रेमिका विवाह नहीं होने पर प्रेमी के घर पर ही जान देने की धमकी दे रही थी। दो दिनों की जद्दोजहद के बाद युवती ने प्रेमी, उसकी भाभी और बड़े भाई के खिलाफ गंभीर आरोपों में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कड़ा रुख और युवती की जिद के आगे बेबस प्रेमी और उसके रिश्तेदारों ने विवाह करने में ही भलाई समझी। रविवार की देर शाम को बड़ी मंडी में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में युवक के परिजनों और युवती के पिता की मौजूदगी में मंदिर के पुजारी ने सनातन धर्म के रीति-रिवाज अनुसार दोनों का विवाह संपन्न कराया। विवाह की धार्मिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद प्रेमी अपनी पत्नी को अपने घर लेकर चला गया।

### शिविर में आंखों की जांच व संचारी रोग से बचाव की दवा वितरण की

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद (शिवाजी शाखा) व आरिशी एडवांस आई केयर एवं सर्जिकल सेंटर मुरादाबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक नि:शुल्क आंखों की जांच, एक्यूप्रेशर एवं संचारी रोग बचाव दवा वितरण के शिविर का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ राजकुमार शर्मा ने लोगों को स्वस्थ रहने के गुरु बताएं साथ ही कहा कि वह अपने घर व आसपास सफाई का विशेष ध्यान दें क्योंकि जहां सफाई होती है वहां स्वास्थ्य निवास करता है। जिसमें डॉ प्रवीण कुमार सिंह ने 50 रोगियों के आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया व डॉ रीमा सिंह का सक्रिय सहयोग रहा शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा हेतु संस्था के अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा व डॉ अंशुमान गौड़ रोगियो का परीक्षण किया एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों पुष्कर राम, अमन पांडे, दीपा, अभिनय आर्य, चरण सिंह, अंजली वर्मा, ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा कर तुरंत लाभ दिलवाया। संस्था की ओर से पीके अग्रवाल डॉ नूतन आर्य, सत्येंद्र दीक्षित, दीपक अग्रवाल अनुष बंसल, अवधेश कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### लखनऊ में होगा एआईएमआईएम पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन पार्टी के गागन कुंदरकी रोड मुरादाबाद स्थित कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कुंदरकी विधानसभा अध्यक्ष मुफ्ती असद नईमी को जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं जब आलमगी को विधानसभा अध्यक्ष कुंदरकी एवं भोलू प्रधान को ब्लॉक अध्यक्ष मुंडा पांडे मनोनीत किया गया। 14 जून को लखनऊ में ए आई एम आई एम पार्टी के प्रथम कार्यकर्ता सम्मेलन को कामयाब



बनाने पर चर्चा हुई एवं आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी कामयाब हो इसको लेकर चर्चा हुई एवं आगामी माह में विधानसभा वार कार्यकर्ता सम्मेलन करने पर सहमति बनी मीटिंग में जिला अध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने अध्यक्षता की एवं वकी रशीद एडवोकेट महानगर अध्यक्ष मुरादाबाद, जकी राइनी, कुंदरकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी हाफिज मोहम्मद वारिस, हाजी सलीम पूर्व जिला अध्यक्ष, नईम कुरैशी जिला महासचिव, सरफराज एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष ठाकुरद्वारा, मोहम्मद शाकिर विधानसभा अध्यक्ष बिलारी, शान ए मोहम्मद नगर अध्यक्ष नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मोहम्मद आमिल एडवोकेट, जिला महासचिव तारिक अनवर, फहीम बेग, अतिकुर रहमान अशफाक चौधरी भोलू प्रधान, अबू बकर अंसारी, जिला महासचिव अरशद अली सैफी, वार्ड मेंबर पाकबडा शारिक ला, सूफी आकिल सैफी, बब्बू मलिक, मोहम्मद शादाब अंसारी संयुक्त सचिव मुरादाबाद व सलीम नगर अध्यक्ष ठाकुरद्वारा आदि उपस्थित रहे।

### रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बाबू सुरेंद्र भूषण का निधन

**कुन्दरकी।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी पूर्व रामलीला कमेटी और मेला कमेटी के अध्यक्ष बाबू सुरेंद्र भूषण का लंबी बीमारी के चलते निधन



हो गया उनके निधन से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। और उनके घर पर उनके मिलने वाले रिश्तेदारों का तांता लग गया सुरेंद्र भूषण सरल स्वभाव के धनी थे और वह समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे नगर में तमाम सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका सराहनीय थी देर रात्रि नगर के हरियाना मार्ग स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन के अपरांत उनके घर पर सामाजिक राजनीतिक और प्रशासनिक लोगों ने घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की उनके परिवार में उनके बेटे पदम भूषण प्रवीण भूषण, और भतीजे रमन भूषण देवेश भूषण हैं। जो अब उनकी सामाजिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

# सीएम डैशबोर्ड पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा

## रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय परिवार कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत लंबित 22 प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया कि पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उनको निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में जिन स्थानों पर राशन की दुकान रिक्त चल रही है। उनको प्राथमिकता के आधार पर उनका चयन कराएं ताकि अनावश्यक रूप से लंबित प्रकरण निस्तारित किये जा सकें।



जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज कलेक्ट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों के कारण सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, जो किसी भी तौर पर स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर अपने प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करें और भविष्य में पूरी तरह ध्यान रखें कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं पाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिकाओं के प्रकरणों का डाटा मिलान कर पोर्टल के आधार पर दुरुस्त करते हुए उसकी आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डैश बोर्ड पर उपलब्ध प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें और किसी भी अवस्था में उनको लंबित न रहने दें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे।

# किसानों को मिली नवीनतम जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उपनिदेशक कृषि गिरीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जनपद में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत विकास खण्ड जलीलपुर के तीन ग्राम पीपलसाना, ईस्माइलपुर व बागडपुर, विकास खण्ड कोतवाली के तीन ग्राम जहानाबाद, सांगरवाला, ब्राहमनवाला एवं विकास खण्ड अफजलगढ़ के तीन ग्राम- जाफ्तानगर, रायपुरी एवं जयसिंह जोत में जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा गठित तीनों टीमों (केव.ीके नगीना के वैज्ञानिक, आईसीआर दिल्ली के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी) द्वारा गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में विकास खण्ड जलीलपुर के ग्रामों में इस अवसर पर गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक बिजनौर, डॉ. केके सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डॉ. शिंवागी, डॉ. रविन्द्र कुमार सीआईआरसी, विकास खण्ड-कोतवाली में डॉ. शकुन्तला गुप्ता, डॉ. पिन्टू कुमार, डॉ. सिद्वार्थ साहा सीआईआरसी, विकास खण्ड-अफजलगढ़ डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. दिव्या सीआईआरसी एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उप कृषि निदेशक बिजनौर द्वारा ग्राम पीपलसाना, ईस्माइलपुर में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग में चल रही योजनाओं तथा खरीफ सीजन के बीजों एवं उन पर देय अनुदान के विषय में भी जानकारी दी गयी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के विषय में बताया गया। डॉ. केके सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को वर्तमान में गन्ने की फसल में आ रही बीमारियों एवं उनके निदान के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही, हरी खाद के महत्व के विषय में भी विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डॉ. शिवांगी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मृदा की जांच क्यो आवश्यक है? तथा मृदा की जांच के परिणामों के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गयी। साथ ही धान की डीएसआर पद्धति के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डॉ. रविन्द्र कुमार वैज्ञानिक सीआईआरसी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को पशुपालन के विषय में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

डॉ. शकुन्तला गुप्ता, प्रभारी केवीके नगीना द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मशरूम की खेती की तकनीकी जानकारी दी गयी। मुकेश कुमार सहायक विकास अधिकारी (कृषि) द्वारा ग्राम जहानाबाद, सारंग.वाला में आयोजित गोष्ठी में कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत ईकेवाईसी आधार सीडिंग एवं अन्य जानकारी दी गयी। डॉ. पिन्टू कुमार कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी किसानों को खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की नई-नई प्रजायितों एवं धान में लगने वाले रोगों की रोकथाम के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। डॉ. सिद्वार्थ साहा, सीआईआरसी द्वारा कृषकों को पशुपालन के विषय में नवीनतम जानकारी दी। डॉ. प्रतिमा गुप्ता कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को ग्रीष्मकालीन सब्जियों की खेती के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

डॉ. दिव्या, सीआईआरसी की कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी गोष्ठी में उपस्थित कृक्षकों को कृषि एवं पशुपालन एवं औद्योनिक फसलों के विषय में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

# समर कैम्प में राष्ट्रीय खिलाड़ी निष्ठा ने तीरंदाजी के गुर सिखाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बेनीपुर कोपा में समर कैम्प के अंतर्गत तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 30 बच्चों ने पंजीकरण कराया।

समर कैंप के अंतर्गत आयोजित तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को तीरंदाजी के बारे में बताया। निष्ठा ने बताया कि तीरंदाजी में तीन वर्गों के खेल होते हैं। रिकर्व, कंपाउंड तथा इंडियन राउंड। तीनों के लिए अलग-अलग दूरी होती है।

### शिविर में 30 बच्चों ने कराया पंजीकरण

रिकर्व में 70 मीटर, कंपाउंड में 50 मीटर तथा इंडियन राउंड में 30 मीटर दूरी से तीरंदाजी की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को तीरंदाजी के गुर सिखाए। उन्होंने धनुष से तीर साधना और तीरंदाजी करना सिखाया।

प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र ने कहा कि विद्यालय में नवीनतम सत्र से तीरंदाजी शुरू कराई जाएगी। इस दौरान देवेंद्र कुमार, हरीराज सिंह, अरुण भारती आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में उमड़े रक्तवीर

### 50 युवाओं ने ब्लड किया डोनेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में बिजनौर चैरिटेबल ब्लड बैंक के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में रक्तवीर रक्तदान करने को उमड़े।

रविवार की सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर का उद्घाटन राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल के कोषाध्यक्ष एवं सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के संचालक राघव प्रताप एड. ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महान कार्य है, जो प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अवश्य करना चाहिये। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। ब्लड बैंक द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। विशिष्ट अतिथि, थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने कहा कि रक्त बहुमूल्य है, इसका कोई विकल्प भी नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिये।



शिविर में रक्तदान करने को काफी संख्या में रक्तवीर उमड़े। अपराह्न 3 बजे तक लगे शिविर में 50 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय प्रसिद्ध व्यवसायी राकेश गोयल, डा. अजीत कर्णवाल, डा. अखलाक हुसैन, रूकन राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, अरविन्द विश्वकर्मा, गगन कर्णवाल, वीरेन्द्र शर्मा, गोपाल शर्मा, जितेन्द्र अहलावत, गोपाल सिंह, मनजीत अहलावत, नरेन्द्र गोस्वामी एवं ब्लड बैंक से अमन रंधावा, अभिषेक राजपूत, अनुज सैनी, शुभम, पूजा, विशाल, शाहरुख आदि मौजूद रहे।

# भाजपा व लोकदल कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई को पुष्पांजलि अर्पित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का अवतरण दिवस मनाते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

भाजपा भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता कपिल राजपूत के संचालन में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की चर्चा की।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, कपिल राजपूत, ग्राम प्रधान मौहम्मद मुस्तफा, पूर्व प्रधान माजिद अहमद, केशव पाल, अनुज काकरान, सचिन देशवाल, जयपाल सिंह, डॉ. मयंक चौहान, सुमित गुर्जर, युवी चौधरी, राकेश कुमार, नरपाल सिंह, लाला जयप्रकाश, आदित्य,

### समाज हित में किए गए कार्यों पर की चर्चा

मयंक मोहन पाल, विक्की, दीपांशु, शिवपाल, तुषार पाल, प्रिंसपाल आदि उपस्थित रहे।

उधर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता हरेंद्र तोमर के प्रतिष्ठान पर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश राणा की अध्यक्षता एवं हलीम दानिश के संच.ालन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर वरिष्ठतम नेता सरदार बलवीर सिंह, ब्रजराज सिंह, देशवाल, चौधरी विजयपाल सिंह, हरेन्द्र तोमर, सुरेश राणा, आकाश कुमार, सोमपाल राठी, सुरेश आर्य, इकबाल चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# प्राकृतिक खेती से उत्पादन की तकनीक बताई

### योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती, बासमती धान उत्पादन, मोटे अनाज की उत्पादन की तकनीक, पशुपालन, गन्ना उत्पादन तकनीक, मृदा परिक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

अभियान के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीक, पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु



परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से लड़ने की भी जानकरी दी गई। किसानों द्वारा लाये गए गन्ने का निरीक्षण करके उसका समुचित इलाज भी बताया गया।

इस अभियान के तहत कृषि विशेषज्ञ व वैज्ञानिक आपस में टीमें बनकर कई गांवों में गए और किसानों को जागरूक किया। टीम -1 में डॉ. केके सिंह, डॉ. सिवांगी, डॉ. रविन्द्र कुमार एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र, आदित्य कुमार उपस्थित रहे।

टीम -2 में डॉ शकुंतला गुप्ता, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शाहा एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे। टीम-3 में डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. दिव्या देवरा एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे। ब्लॉक जलीलपुर के गाँव पीपलसाना, इस्माइलपुर, ब्लॉक कोतवाली के जहानाबाद, सारंगवाला, ब्राह्मणवाला, ब्लॉक अफजलगढ़ के जाफ्तानागर, रायपुरी, जैसिंह जाट आदि गाँवो में किसानों से वार्ता की गई।

# ईदुल अजहा पर सुचारू रहे बिजली की सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने अजमल खां मार्ग स्थित विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय पहुंचकर वहां अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में उन्होंने ईदुल अजहा के मौके पर नगरवासियों को बिजली सप्लाई सुचारू रूप से देने की अपील की। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर बिजली की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। नजीबाबाद व साहनपुर में

### चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने सौंपा ज्ञापन

ईदुल अजहा के मौके पर बिजली की कटौती नहीं होनी चाहिए। अगर किसी मौहल्ले के ट्रांसफार्मर या लाइन में कोई फाल्ट आए, तो उसे जल्दी ठीक किया जाना चाहिए, जिससे सप्लाई पूरी तरह से सुचारू रूप से मिले। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अधिशासी अभियंता से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का आग्रह किया। अधिशासी अभियंता ने विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से कराने का भरोसा दिलाया।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार



**स्योहारा।** ग्राम बूढ़ा नगला निवासी वारंटी कपिल कुमार पुत्र राजपाल संबंधित वाद सं.-14596/24 धारा 138 एनआई एक्ट थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद को सम्बन्धित माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद मुरादाबाद के समक्ष भेजा जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, कुलदीप द्वारा थाना क्षेत्र वारंटी अभियुक्त नदीम पुत्र यासीन निवासी मौ. शेखान कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा को संबंधित वाद सं.-14596/24 को सम्बन्धित माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद बिजनौर के समक्ष भेजा जायेगा।

### मोबाइल चोर गिरफ्तार



**स्योहारा।** मोहल्ला तकी सराय कुम्हारो वाली ढाली के पास के नीरज कुमार पुत्र रामकिशन सिंह थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर से रात में 2 फोन व 1100 रुपये चोरी हो गये थे। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए छानबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि विवेचना के दौरान अभियुक्त शोभित उर्फ सोवित पुत्र प्रीतम सिंह निवासी मौ. तलाई हिन्दू चौधरियान निकट विडला कालेज के पास कस्बा व थाना स्योहारा को दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### मुस्तकीम राईन प्रदेश महासचिव बने

**नजीबाबाद।** कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बंसल ने मौहम्मद नावेद उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश के प्रयासों से मुस्तकीम राईन को उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। मुस्तकीम राईन ने इसके लिए मौहम्मद नावेद व प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उम्मीदों पर खरा उतरते कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ को मजबूत कर शक्ति प्रदान करेंगे।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने अपने कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर की जयंती की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अहिल्याबाई के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राहुल शर्मा, पवन चौधरी, वकील अहमद, अय्यूब अहमद, सूर्य प्रताप सिंह, अमित, राजीव, डॉ. देवेंद्र, साहब सिंह, प्रदीप, सरदार रक्षपाल सिंह, वकील अहमद, दीपक जाटव, अमित गुर्जर, अनूप वाल्मीकि, अमन, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार हरेन्द्र सिंह, कपिल, इमरान, नरेश, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### वन स्टॉप शॉप स्थापना के लिए 30 जून तक करें आवेदन

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उप्र सरकार द्वारा बेरोजगार कृषि स्नातकों के लिए एग्रीजंक्शन (प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन) योजनांतर्गत 10 वन स्टाप शॉप स्थापित कराने का जनपद बिजनौर का लक्ष्य निर्धारित है।

स्वतंत्र कृषि व्यवसाय केन्द्र की स्थापना हेतु कृषि व्यवसायियों को प्रशिक्षण, बैंक से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 7.5% की दर से ब्याज अनुदान एवं खाद, बीज व कृषि रक्षा रसायन के लाइसेंस फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति तथा प्रथम एक वर्ष के लिए रुपए 1000 प्रतिमाह एग्रीजंक्शन परिसर के किराये की व्यवस्था है। जनपद के कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/ स्नातक, जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां, जो किसी राज्य / केन्द्रीय विश्वविद्यालय किसी या अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी है और आईसीएआर / यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं को अधिकतम पांच वर्ष की छूट है। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्म तिथि पहले हो, उन्हें वरीयता दी जायेगी। आयु की गणना कार्य योजना जारी होने की तिथि से की जायेगी।

# पत्रकारिता के महत्व, चुनौतियों और दायित्वों पर चर्चा

## पत्रकारों से चुनौतियों का डट कर सामना करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन ने हिंदी पत्रकारिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा कर पत्रकारों से चुनौतियों का डटकर सामना करने का आह्वान किया गया।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार की देर शाम एम.एम. इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के सूचना आयुक्त व अमर उजाला के पूर्व संपादक राजेंद्र सिंह चौधरी, मुख्य वक्ता ज्योति लाल शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान व एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.रतेंद्र विश्नोई, कार्यक्रम आयोजक मनोज बाल्मीकि द्वारा सरस्वती माता के चित्र के सम्मुख संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह चौधरी ने अपने संबोधन में हिंदी पत्रकारिता दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि



सोशल मीडिया के इस दौर में मोबाइल फोन रखने वाला हर व्यक्ति आज पत्रकार हो गया है। ऐसे समय में पत्रकारों को चौकन्ना रहकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पत्रकारों से सोशल मीडिया पर चलने वाली भ्रामक खबरों से बचे रहकर तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता करने का आह्वान किया। राजेंद्र सिंह ने प्रिंट मिडिया और इलैक्ट्रोनिक मीडिया के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुये पत्रकारों के समक्ष आ रही समस्याओं व चुनौतियों के विषय में भी बताया। मुख्य वक्ता ज्योतिलाल शर्मा ने भी अपने संबोधन मे हिंदी पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुये पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सरकार से पत्रकारों की समस्याओं पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में प्रिंट मीडिया पर असर पड़ा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने भी अपने संबोधन में पत्रकारों से जनहित में कलम चलाने को कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान ने एसोसिएशन के कार्य की प्रशंसा कर पत्रकारों से एकजुट रहकर गरीब, असाहाय लोगों की मदद व उन्हें न्याय दिलाने के लिए कलम चलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार मनोज बाल्मीकि, शफाकत भारती, अदनान राइन शेरकोट, डॉ. वीरेंद्र कुमार पुष्पक, आकाश तोमर, खुशीराम सिंह स्योहारा, मेहताब चांद खान नजीबाबाद, मिसबाहुल हसन, प्रदीप चौहान, परवेज अयूब रायपुर, सत्यपाल कटारिया बढ़ापुर, धर्मेंद्र चौधरी, मुकेश त्यागी, डॉ. अभय बिश्नोई, अफसार हुसैन सिद्दीकी, नंद किशोर सैनी, विकास अग्रवाल, होमेश कश्यप, राकेश कुमार, राशिद उस्मानी, गौरव गोयल, यासीन सोनी, मुनीर आलम, शेख जमशेद, यासिर शमसी, अमान शमसी, डॉ मनोज शर्मा, इंजी हसन जेदी, एडवोकेट विश्वास राव, विकास शर्मा, तनवीर जैदी, रोहित सिंह, आकाश शर्मा, अफजाल अंसारी, सत्येंद्र कुमार, सुनील कुमार शर्मा, राजकुमार प्रजापति, डॉ. राकेश कुमार, सुनील कुमार शर्मा, सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। डा. संदीप शर्मा के सफल संचालन में देर रात तक चले कार्यक्रम में अतिथियों को शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर व जनपद के पत्रकार मौजूद रहे। एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों को भी स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में ऐसोसिएशन के अध्यक्ष डा.रतेंद्र विश्नोई ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन के सभी पत्रकारों का पूर्ण सहयोग रहा।

# वनडे में 34 ओवर के बाद एक बॉल का इस्तेमाल होगा

**आईसीसी अगले महीने से नए नियम लागू करेगी, पांच कन्कशन रिप्लेशमेंट बताने होंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) टेस्ट और वनडे के कुछ नियमों में बदलाव करने जा रहा है। आईसीसी ने अपने मेंबर्स को भेजे गए मैसेज में कहा कि नए प्लेइंग-कंडीशन्स टेस्ट मैचों में जून से और व्हाइट बाल क्रिकेट में जुलाई से लागू होंगे।

नए नियमों में वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल, बाउंड्री पर कैच और कन्कशन रिप्लेसमेंट शामिल है। वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल अक्टूबर 2011 से वनडे में दो नई बाल का नियम लागू है। अभी वनडे में दो नई बाल का दोनों साइड से इस्तेमाल किया जाता है। आईसीसी के नए नियम के मुताबिक, 1 से 34 ओवर के लिए दो नई गेंदें होंगी। यानी एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी। फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद पारी के अंत तक दोनों एंड से इस्तेमाल की जाएंगी (जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न हो)। 34 ओवर पूरे होने के बाद और 35 ओवर की शुरुआत से पहले फील्डिंग टीम उन दो गेंदों में से एक का सिलेक्शन करेगी। कन्कशन रिप्लेसमेंट नियमों में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे।

टीमों को मैच शुरू होने से पहल मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक पेसर, एक स्पिनर और एक आलराउंडर रहेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी चोटिल हो जाता है, तो मैच रेफरी नया आप्शन चुन सकता है। दो नियम के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा आईसीसी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकाल में नियमों में बदलाव के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा। टेस्ट में जून और वनडे में जुलाई से लागू होंगे नियम टेस्ट क्रिकेट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले साइकिल (2025-27) से लागू होंगे। यह श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाल में 17 जून से होने वाले पहले टेस्ट के जरिए लागू होंगे।

# पीकेएल-12 की नीलामी में 10 खिलाड़ी बने करोड़पति

● **गुजरात जायंट्स ने दो बाद के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2.23 करोड़ में खरीदा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की रविवार को समाप्त हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 10 खिलाड़ी करोड़पति बने। गुजरात जायंट्स ने दो बार के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2-23 करोड़ रूपये में खरीदा। प्रो कबड्डी के 12वें सत्र के 12 प्रफेंचाइजियों ने दो दिन बोली गई।

इसके अलावा दो करोड़ क्लब में देवांक दलाल शामिल रहे, जिन्हें बंगाल वॉरियर्ज ने 2-205 करोड़ रूपये में साइन किया। दो दिनों तक चली नीलामी में इस बार एक नई फाइनल बिड मैच (एफबीएम) नीति को भी लागू किया गया, जिसके तहत टीमें अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों को नीलामी में लगी अंतिम बोली से मैच करके एक या दो सीजन के लिए दोबारा साइन कर सकती थीं। इस नियम के तहत पांच खिलाड़ी दो सत्र के लिए और नौ खिलाड़ी एक सत्र के लिए रिटेन किए गए। कैटेगरी सी ऑलराउंडर्स के लिए शानदार मौका साबित हुई, जहां नितिन रावल, गुरदीप और धीरेज को बड़ी बोलियाँ मिलीं। नितिन को जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50 लाख रूपये में साइन किया, गुरदीप को पुनेरी पलटन ने 47-10 लाख रुपये में खरीदा और धीरेज बेंगलुरु बुल्स की जर्सी पहनेंगे, जिन्हें 40-20 लाख रूपये की बोली मिली। हालांकि इस श्रेणी की सबसे ऊंची बोली रेडर आकाश लशदे के नाम रही, जो 53-10 लाख रूपये में बेंगलुरु बुल्स में शामिल हुए। खिलाड़ियों नीलामी की सबसे चौंकाने वाली बोली कैटेगरी डी में देखने को मिली, जब यू मुंबा ने हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर अनिल मोहन को 78 लाख रूपये की रिकॉर्ड तोड़ बोली में साइन किया। खास बात यह है कि पीकेएल इतिहास में कैटेगरी डी की यह सबसे बड़ी बोली है। अनिल मोहन ने नीलामी के दूसरे दिन दोनों कैटेगरी में सबसे बड़ी बोली पाई। उनके बाद कैटेगरी डी में दूसरी सबसे बड़ी बोली उदय पार्टे को मिली, जिन्हें जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50-10 लाख रूपये में खरीदा। नीलामी को लेकर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, हयह बहुत सकारात्मक है कि पीकेएल 12 की नीलामी के पहले दिन की गति दूसरे दिन भी बरकरार रही। टीमों ने कैटेगरी सी और डी में गहरी रुचि दिखाई है, विशेष रूप से पीकेएल डेब्यूटेंट आनिल मोहन के लिए 78 लाख की बोली से, जो कैटेगरी डी के लिए हमारी लीग के इतिहास की सबसे ऊंची बोली है। ऐसे नए खिलाड़ी अक्सर टीम की रीढ़ बनते हैं, और उनके विकास में निवेश करना प्रतिस्पर्धी टीमों के निर्माण के लिए आवश्यक है। निश्चित रूप से, इस सीज़न में 10 'करोड़पति' खिलाड़ियों का उभरना एक संतुलित बाजार को दर्शाता है।

## कैटेगरी ए के शीर्ष पांच खिलाड़ी

मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह (ईरान) 2-23 करोड़ रूपये गुजरात जायंट्स, देवांक दलाल (भारत) – 2-203 करोड़ रूपये बंगाल वॉरियर्ज, आशु मलिक (भारत) 1-90 करोड़ रूपये दबंग दिल्ली, अर्जुन देशवाल (भारत) 1-405 करोड़ रूपये तमिल थलाइवाज, योगेश विजेंद्र दहिया (भारत) 1-125 करोड़ रूपये बेंगलुरु बुल्स।

## कैटेगरी बी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

अंकित जगलान (भारत) 1-573 करोड़ रूपये पटना पाइरेट्स, नवीन संसार सिंह कुमार (भारत)1-20 करोड़ रूपये हरियाणा स्टीलर्स, गुमान सिंह (भारत) 1-073 करोड़ रूपये यूपी योद्धाज सचिन तंवर (भारत) 1-058 करोड़ रूपये पुनेरी पलटन, नितिन कुमार धनखड़ (भारत) 1-002 करोड़ रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स।

## कैटेगरी सी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

आकाश संतोष शिंदे (भारत) 53-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स, नितिन रावल (भारत) 50 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, संदीप कुमार (भारत) 49 लाख रूपये यू मुंबा, गुरदीप (भारत) 47-10 लाख रूपये पुनेरी पलटन, धीरेज (भारत) 40-20 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स

## कैटेगरी डी के शीर्ष खिलाड़ी

अनिल मोहन (भारत) 78 लाख रूपये यू मुंबा, उदय पार्टे (भारत) 50-10 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, शुभम बिटाके (भारत) 9-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स।



# मनीष-सृष्टि की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

■ **रुद्रांश और सुमेधा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

# रीतिका हुड्डा ने फ्रीस्टाइल श्रेणी में जीता सोना

■ **रितिका ने नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की**




**उलानबटार, वार्ता।** उलानबटार ओपन 2025 रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली 22 वर्षीय भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा ने शनिवार को नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की, जिसका समापन अंतिम पूल मैच में घरेलू पसंदीदा और एनख-अमरिन दावानासन के खिलाफ 5-2 से जीत के साथ हुआ। इस दिन भारत ने अपने खाते में चार और पदक जोड़े। दीपक पुनिया ने (पुरुषों की 92 किग्रा), शिक्षा ने (महिलाओं की 65 किग्रा) और पुष्पा ने (महिलाओं की 55 किग्रा) में एक-एक रजत और जयदीप ने (पुरुषों की 74 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें मंगोलिया के डेमचिगदोर तुमुरबाटर पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता और बैट-एर्डीन ब्याम्बासुरेन पर 4-1 के कड़े मुकाबले में जीत शामिल है। हालांकि, चोट के कारण उन्हें अस्काब सादुलाएव के खिलाफ अपने अंतिम मैच से हटाने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से 5-3 से हार गए। कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुग्सजार्गल एर्डेनेबैट को हराया। इस बीच, शिक्षा और पुष्पा दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुष्पा ने शुरुआती हार से उबरते हुए मंगोलिया की दुलगुन बोलोरमा को मात दी और ओटगोंटुया बयानमुंख को हराया। लेकिन आखिर में स्वर्ण पदक से चूक गईं। शिक्षा ने महिलाओं की 65 किग्रा नॉर्डिक सिस्टम में चार मुकाबलों में तीन जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहीं। एशियन चैंपियन मनीषा भानवाला महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में ग्रुप स्टेज में बाहर हो गईं। उन्होंने अलीना कासाबीवा के खिलाफ एक प्रभावशाली शुरुआती जीत दर्ज की, लेकिन मंगोलिया की पूर्व विश्व चैंपियन ओरखोन पुरेवदोरज से हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती टूर्नामेंट में अब भारत के पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुक. ाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। यहां खेले गए मुक. ाबले में भारतीय टीम की उपकप्तान हिना ने (10वें) व लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोल. कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुक. ाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए।

### खेल विशेष

## पाओलिनी को हराकर स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस, वार्ता।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले साल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फेंच ओपन के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में यूक्रेन की 30 वर्षीय खिलाड़ी स्वितोलिना ने जैस्मीन पोओलिनी को 6-4 6-7 (6) 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि मुझे कभी विश्वास नहीं था कि यह मैच मेरे पक्ष में जाएगा। यह वास्तव में एक कठिन मैच था, जैस्मीन वास्तव में बहुत अच्छा खेल रही थी। मुझे आखिरी पॉइंट तक लड़ना पड़ा और मैं अगले दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

## इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गए मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

# अनऑफिशियल टेस्ट में करुण नायर का दोहरा शतक

■ **इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए 557 रन बनाकर ऑलआउट**

**कैंटरबरी, वार्ता।** अनआफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 557 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नंबर-3 पर उतरे करुण नायर 204 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज खान ने 92 और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने 94 रन बनाए।

भारत ने 125.1 ओवर बैटिंग की कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस ने टास जीतकर बालिंग चुनी थी। भारत ने पहले दिन 3 ही विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए थे। करुण नायर 186 और जुरेल 82 रन बनाकर नाटआउट लौटे थे। दूसरे दिन नायर ने दोहरा शतक लगा दिया, लेकिन जुरेल संचुरी पूरी नहीं कर सके। शार्दूल ठाकुर ने 27, हर्ष दुबे ने 32, अंशुल कम्बोज ने 23 और हर्षित राणा ने 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 557 रन तक पहुंचाया। इंडिया-ए ने 125.1 ओवर बैटिंग की और पहली पारी में 557 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हल और अख्तर को 3-3 विकेट इंग्लैंड लायंस से जोश हल और जमान अख्तर ने 3-3 विकेट लिए।

एडी जैक को 2 विकेट मिले। रेहान और अजीत ने 1-1 विकेट लिया। डैन और टाम हैंन्स को कोई विकेट नहीं मिला। कम्बोज ने पहला विकेट लिया दूसरे दिन ही इंग्लैंड लायंस ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी। बेन मैकिनी 16 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें अंशुल ने बोल्ड कर दिया। दूसरा सेशन खत्म होने तक लायंस ने 1 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। टाम हैंस 25 व एमिलियो गे 28 रन बनाकर नाटआउट रहे।

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

■ **फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में पाच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबा. इल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।




# फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जोकोविच

**पेरिस, वार्ता।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए तीसरे दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन में यह जो. कोविच की 99वीं जीत है। वह ऑस्ट्रेलिया ओपन में 99 मैच जीत चुके है। जोकोवि का प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के कैम नोरी से मुकाबला होगा।

# रिंकु सिंह और सांसद प्रिया सरोज 18 नवम्बर को करेंगे शादी




■ **रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी**

**वाराणसी, वार्ता।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है।

शादी 18 नवम्बर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।

विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सचिन ने जीता सिल्वर

● **जेवलिन इवेंट में 85.16 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया, पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम गोल्ड**




**साउथ कोरिया, वार्ता।** एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के सचिन यादव ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। शनिवार को जेवलिन इवेंट में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.40 मीटर का आखिरी थ्रो फेंककर गोल्ड जीता।

साउथ कोरिया के गुमी में हो रहे टूर्नामेंट में भारत पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर हैं। देश के 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रान्ज सहित 24 मेडल हो गए हैं। शुरुआत में भारत के सचिन यादव मेडल की दौड़ से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अंतिम 2 थ्रो में 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता।

सचिन के अलावा, यशवीर सिंह 82.57 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के साथ 5वें स्थान पर रहे। सचिन यादव और यशवीर सिंह अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के बावजूद वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाए। इसके लिए एथलीट को मिनिमम 85.50 मीटर थ्रो की आवश्यकता होती है।

पेरिस ओलिंपिक 2024 में गोल्ड जीतने के बाद अरशद नदीम की यह पहली प्रतियोगिता थी। उन्होंने 86.34 मीटर के थ्रो के साथ हीट में टाप स्थान हासिल करके इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में, अरशद के पहले दो थ्रो निराशा. जनक रहे, लेकिन उन्होंने दिन के अपने तीसरे थ्रो के साथ 85 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद से, वे बढ़त में बने रहे और गोल्ड जीता। वहीं नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग इवेंट के लिए इस टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस 200 मीटर के फाइनल में ब्रान्ज मेडल जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रान्ज अपने नाम किया। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकेंड का नया नेशनल रिकार्ड बनाया। इस 21 साल के प्लेयर ने 20.40 सेकेंड का अपना पिछला रिकार्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा ने 20.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी के अब्दुल अजीज अताफी (20.31 सेकेंड) ने सिल्वर जीता।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 2 जून 2025**

## ट्रम्प का शगूफा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत-पाक के बीच सीजफायर को लेकर श्रेय लेने का शगूफा छोड़ दिया। ऐसा उन्होंने एक बार नहीं एक दिन में दो बार किया। कुल मिलाकर बात करें, तो यह 11वां मौका था जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से यह कहते दिखाई दिए कि उन्होंने ही दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया था। वह यहीं नहीं रुकते, जो सबसे बड़ी बात वह कहते हैं वह यह कि अमेरिका से ट्रेड की धमकी देकर वह संभावित युद्ध को रोकने में सफल रहे। मतलब साफ है कि इस बात से वह यह कहना चाह रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए न भारत तैयार था न पाक। अमेरिका से व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों को सीजफायर करने के लिए विवश होने पर मजबूर कर गई। जहां तक बात भारत की है, भारत अपनी तरफ से कई बार यह सफाई दे चुका है कि सीजफायर का फैसला भारत और पाक के बीच ही वार्ता में तय हो पाया था और तीसरे देश की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प हैं कि चुप होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह अमे. रिका में ही नहीं बल्कि अमेरिका से बाहर जाकर अपने दौरे में भी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वह कतर व सऊदी की यात्रा पर आए थे तब भी उन्होंने यह राग अलापा था। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के लिए बड़ी असहज स्थिति है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ट्रम्प की इन बयानबाजियों को लेकर सरकार पर निशाना साध रहा है, जोकि स्वाभाविक ही है। जयराम रमेश व पवन खेड़ा जैसे कांग्रेसी नेता खुलकर प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में घेर रहे हैं। वह इस पूरे प्रकरण पर सरकार की चुप्पी विशेषकर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सरकार इस मामले में खुलकर अपनी राय नहीं रख पा रही है। विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार बताए कि अमेरिकी राष्ट्रपति को मध्यस्थता के लिए किसने कहा था और यदि वह अपनी ओर से कह रहे हैं तो सरकार को बाकायदा अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए और ट्रम्प से कहना चाहिए कि वह इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। यह समझना भी बेहद कठिन है कि आखिर ट्रम्प भारत के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों कर रहे हैं और बार-बार उनको यह कहने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जाहिर है वह कोई भी ऐसा मौका नहीं गवा रहे हैं, जिससे भारत की परेशानी बढ़े। विशेषकर मोदी को लेकर वह ज्यादा ही विमुख होते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफ वह उनको अपना दोस्त भी बताते हैं, उनकी प्रशंसा भी करते हैं लेकिन दूसरी तरफ इस तरह की बातें भी करते हैं, जिससे पीएम मोदी के सामने असहजता की स्थिति उत्पन्न हो। जाहिर है, अमेरिकी राष्ट्रपति दोहरा गेम खेल रहे हैं। वह भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की बात तो कह ही रहे हैं, साथ ही भारत व पाक को एक ही नजरिये से देख रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सतर्कता के साथ पूरे मामले से निपटने की जरूरत है।

### कश्मीर को दोस्ती और समझ का पुल बनाएं



जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए, जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है, हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है, पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है, हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी, हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, पर वहां के लोगों से नहीं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी**

# नीचता, गलीचता से महानता तक

घटिया, नीच और गलीच की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में प्रेम और तर्क खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक सीवेज चिंतन वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानो किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन प्रेम के शुक्ल पक्ष में खोल दिया हो। ऐसा प्रेममई मुंह और उससे रिसती मवादीय भाषा ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगिरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत प्रेममई भाषा में जवाब आ जाता है। हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है। कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है। कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी प्रेममई भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पाएगा? जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट प्रेममई किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है, क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में भाषाई फूहड़ आतंकवादियों का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है, चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं यह गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है, लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका? इनके एक बहादुरकर ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे। सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी?

प्रेमभाषा से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त हिन्दू राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किए गए? मानस संगठन के प्रथम अगुवा ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेई के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरा. ेध क्यों किया? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? यह हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है प्रेमो टाइप्स चेपुओं के पास नहीं हैं। आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ। यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां। तेरी चाची। तेरी बहन जी के अलावा। भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है, लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28 प्रतिशत अधिक है। भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52 प्रतिशत अधिक है। है कोई जवाब या वही एक प्रेमामई शब्द है तेरी। चाल, चरित्र और चिंतन के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं। सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए। पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल महंगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? एक पेड़ मां के नाम का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले सच से असहज होकर सीधे तेरी मां, तेरी चाची। तेरी बहन... की प्रेमकथा वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

### सवाल

- **एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे?**
- **नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे?**
- **रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों?**
- **राफेल महंगा क्यों खरीदा गया?**
- **France से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की?**
- **गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों?**
- **सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है?**
- **एक पेड़ मां के नाम का धोखा और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ?**
- **बेरोजगारी चरम पर क्यों?**
- **4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं?**
- **महंगाई पर लगाम क्यों नहीं?**
- **शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है?**
- **हर ओर निजीकरण क्यों?**





**पवन सिंह**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# देश की रक्षा परियोजनाओं में देरी क्यों

**एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान ने रक्षा क्षेत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स में यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए। सिंह ने सुझाव दिया कि हमें वही वादा करना चाहिए जो हम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले गहन तकनीकी और लॉजिस्टिकल मूल्यांकन की आवश्यकता है। AMCA प्रोजेक्ट में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक सकारात्मक कदम है। निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन में और अधिक शामिल करने से HAL और क्त्क्र पर निर्भरता कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। HAL और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को 'मिशन मोड' में काम करने के लिए संगठनात्मक सुधार करने चाहिए। इसके लिए समन्वय, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कर्मचारी प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है।**



**विनीत नारायण**

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं। यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान AMCA जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय जीत करार दिया। उनके बयान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहली बार नहीं है जब HAL की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने HAL के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, मुझे HAL पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।

यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने HAL की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने HAL को मिशन मोड में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि HAL के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय की कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है। यह एक गहरी सांस्कृतिक समस्या को दर्शाता है, जहां जवाबदेही की कमी है। हालांकि सरकार ने AMCA जैसे प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है, लेकिन अभी तक रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका सीमित रही है। इससे HAL और DRDO जैसे सार्वजनिक उपक्रमों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ती है, जो अक्सर समय सीमा पूरी करने में विफल रहते हैं। भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा, डिजाइन और विकास में देरी, जैसे कि तेजस Mk2 और AMCA के प्रोटोटाइप की कमी, परियोजनाओं को और पीछे धकेलती है। रक्षा परियोजनाओं में देरी का भारतीय वायुसेना की परिचालन तत्परता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना के पास 42।5 स्क्वाड्रनों की स्वीकृत ताकत के मुकाबले केवल 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं। तेजस Mk1A जैसे स्वदेशी विमानों की देरी और पुराने मिग-21 स्क्वाड्रनों का डीकमीशनिंग इस कमी को और गंभीर बनाता है। इसके अलावा, देरी से रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा, हमें केवल भारत में उत्पादन की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि डिजाइन और विकास भी भारत में करना चाहिए। देरी न केवल भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को कमजोर करती है, बल्कि रक्षा उद्योग में विश्वास को भी प्रभावित करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे हालिया सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट किया है कि आधुनिक युद्ध में हवाई शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसके लिए समय पर डिलीवरी और तकनीकी उन्नति अनिवार्य है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति

पहलगाम में हुए पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊंचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है, परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाए जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किए जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आंखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिए हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक्त ही हमें




पता होता है कि यह सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि-मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था, जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है, परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिए चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 % पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थाई समिति को दी गई जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थाई रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपए और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किए जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थाई सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थाई नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां



**तनवीर जाफरी**

सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्एक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाए सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाए और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूक्रेन पर रूसी प्रहार, गाजा में इजरायली बर्बरता, दुनिया हैरान

## चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाए

■ पाक के प्रधानमंत्री ने कहा: आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कालेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा: चीन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं।

वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कामर्स, इना.वेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा: वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा: आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बात.चीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कालेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।



## रूस ने किया तीन वर्षों में सबसे बड़ा अटैक

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही



**यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे सात मिसाइलें भी दागी मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत**

है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है।

## गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली-जानकारी नहीं-

गाजा। रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजरायली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कारिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के दौरान हुई गोल.ीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फलस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी



**232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली: जानकारी नहीं**

संख्या में लोग राफा इलाके में खाने की मदद लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में कुल 179 लोग हताहत हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में भारी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। इजरायली सेना ने जवाब में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रासिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं।

आईसीटी के प्रासिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे।

इस कार्यवाही को बांग्लादेश के सरकारी न्यूज चैनल बीटीडब्ल्यू पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रति.बंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान



■ बांग्लादेश में ट्रायल TV पर लाइव दिखा रहे तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना

दिए। लाहौर में समर्थकों को संबो.धित करते हुए कसूरी ने कहा मैं चार साल का था जब 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को हमने 1971 का बदला ले लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।

## जेल में रहकर बाप बना आतंकी लखवी: ओवैसी

### आईएमआईएम चीफ ने अल्जीरिया में कहा: आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाक

**अल्जीरिया।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का बाप बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहा: एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए बाप बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का बाप बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने विश्व समुदाय और एफएटीएफ से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बता दें कि ओवैसी मोदी सरकार के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। फिलहाल वे



■ एफएटीएफ इसे फिर ग्रे लिस्ट में डाले

अल्जीरिया के दौरे पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को मारना तो इस्लाम की शिक्षा के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान 'तकफीरवाद (इस्लाम का दुश्मन)' का केंद्र बन चुका है। वहां के आतंकी संगठनों की विचारधारा में और आईएसआईएस, अल-कायदा की विचारधारा में कोई फर्क नहीं है। वे मानते हैं कि उनके पास धार्मिक वैधता है, जो पूरी तरह गलत है। इस्लाम किसी की हत्या की अनुमति नहीं देता, लेकिन उनकी विचारधारा बन गई है। ओवैसी ने कहा कि भारत और अल्जीरिया ने नवम्बर 2024 में एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मुझे यकीन है कि इससे हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत जल्द अल्जीरिया आएंगे और अल्जीरिया के राष्ट्रपति भारत आएंगे। ओवैसी ने बताया कि भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की रात आपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ओवैसी ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाएगा, वो आतंकवादी है। आतंकवाद पूरी दुनिया का मसला है। किसी भी आतंकवादी को कहीं कोई जगह नहीं दी जा सकती। ओवैसी वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इनके अलावा निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला भी इसमें शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों के दौरे पर था।

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नए प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमे.रिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।



**नई दिल्ली। अदालत के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद भारी सुरक्षा तैनाती के बीच जंगपुरा के मद्रासी कैंप में झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त करते बुलडोजर।**

## रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल

**मास्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि ब्रांस्क क्षेत्र के विगोनिचस्की जिले में एक पुल ढह गया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और 30 लोग घायल हुए हैं। मास्को रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार क्लिमोव-मास्को मार्ग पर यात्री ट्रेन नंबर 86 के लोकोमोटिव और डिब्बे परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण यह हादसा हुआ।

## म्यांमार ने की अस्थायी युद्धविराम बढ़ाने की घोषणा

**यांगून।** म्यांमार के रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के कार्यालय ने शनिवार को अस्थाई युद्धविराम को 30 जून तक बढ़ाने की घोषणा की।

सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक 'द मिरर' ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से शुरू होने वाले इस विस्तार का उद्देश्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना, देश और उसके लोगों के हितों की सेवा करना और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देना है। इससे पहले म्यांमार सशस्त्र बलों ने 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद बचाव और राहत कार्य में मदद के लिए छह से 31 मई तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। रिपोर्ट केव अनुसार, युद्धविराम के दौरान जातीय सशस्त्र संगठनों और अन्य सशस्त्र समूहों से आग्रह किया गया है कि वे जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार मार्गों को बाधित या उनपर हमला न करें, नागरिकों के जीवन और संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं या नष्ट न करें, सुरक्षा कर्मियों और उनके शि.विरों पर हमला न करें, सैन्य कमांड को निशाना न बनाएं, शांति को कमजोर करने वाले बलों की भर्ती या लामबंदी न करें और क्षेत्रों का विस्तार न करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि ऐसी कोई कार्रवाई होती है तो म्यांमार सशस्त्र बल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिक्रियात्मक कदम उठाएंगे।

## कामिल इदरीस ने ली सूडान के पीएम पद की शपथ

■ जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से पीएम का पद खाली था

**खार्तूम।** कामिल इदरीस ने सूडान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इदरीश ने सत्तारूढ़ संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के समक्ष शपथ ली। परिषद ने एक बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुरहान और परिषद अन्य सदस्यों ने इदरीस से मुलाकात की और सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, जिसमें अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, नागरिक आजीविका की रक्षा करना और राज्यों में व्यवस्था बहाल करना शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में इदरीस की नियुक्ति 19 मई को बुरहान द्वारा जारी एक संवैधानिक डिक्री के माध्यम से औपचारिक रूप से की गई थी। बुरहान सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर के रूप में भी कार्य करते हैं। इस निर्णय का संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ आयोग एवं विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट करने और जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से प्रधानमंत्री का पद खाली था। हमदोक और अन्य नागरिक नेताओं को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। इसके कुछ बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था और कहा था कि सूडान एक 'खतरनाक मोड़' पर है क्योंकि सैन्य शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून में डॉक्टरेट की डिग्री रखने वाले इदरीस ने पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के महानिद.ेशक और पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया है।

## ईरान एटम बम बनाने के बेहद करीब पहुंचा

### मिलिट्री ग्रेड यूरेनियम का स्टाक बढ़ाया, यूएस की निगरानी एजेंसी का दावा

**तेहरान/न्यूयार्क।** ईरान एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र की एटमी निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी आईएईए ने एक गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया है कि ईरान ने मिलिट्री ग्रेड यानी 60 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम का स्टाक बढ़ा दिया है। यह यूरेनियम एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब माना जाता है।

एजेंसी ने ईरान से सहयोग बढ़ाने और अपनी नीति में बदलाव की अपील की है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच एटमी समझौते को फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वहीं इजरायल ने कहा कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान एटमी हथियार बनाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे तुरंत



■ इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है

रोकने की अपील की है। अगर ईरान एटमी हथियार बना लेता है तो वह ऐसा करने वाला 10वां देश होगा। दुनिया में सबसे ज्यादा एटमी हथियार रूस के पास हैं। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता वाला करीब 408.6 किलो यूरेनियम था। यह मात्रा फरवरी की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा है। यूरेनियम को जब ज्यादा शुद्ध किया जाता है, तो वह हथियार बनाने के लायक बन जाता है। 90 प्रतिशत शुद्ध यूरेनियम को हथियार-ग्रेड यानी एटमी बम बनाने लायक माना जाता है। 60 प्रतिशत पर पहुंच जाने का मतलब यह है कि ईरान अब उस स्तर से सिर्फ एक कदम पीछे है। आईएईए ने यह भी बताया कि अगर ईरान 60 प्रतिशत वाले करीब 42 किलो यूरेनियम को और ज्यादा शुद्ध कर दे, तो उससे एक एटमी बम बनाया जा सकता है। फिलहाल ईरान के पास कुल मिलाकर 9247.6 किलो समृद्ध यूरेनियम है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसका एटमी कार्यक्रम बम बनाने के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों, जैसे बिजली बनाने या चिकित्सा के लिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और एटमी ऊर्जा संगठन ने इस रिपोर्ट को गलत और पक्षपातपूर्ण बताया।

## युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा हमास: इजरायल

■ हमने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है: हमास

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है।

यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमे.रिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया कि हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा। हमास ने हालांकि कहा कि उसने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है, लेकिन लंबे समय तक युद्ध विराम की मांग सहित इसमें संशोधन की मांग भी की है। विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमास के जवाब को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया और समूह से आगे की वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रूपरेखा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम आने वाले दिनों में 60-दिवसीय युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता शेष बंधकों में से आधे की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें मृत व्यक्ति भी शामिल हैं और स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत का द्वार खोलेगा। अमे.रिका द्वारा समर्थित प्रस्ताव में लड़ाई में 60-दिवसीय विराम, गाजा में अभी भी बंद 58 बंधकों में से 28 की रिहाई, 1200 से अधिक फलस्तीनी कैदियों का आदान-प्रदान और एन्क्लेव में मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल है। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिक.ारी बासम नैम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि समूह ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

## शांति के बजाय हम पर दबाव बढ़ा रहा फ्रांस: रूस

**मॉस्को/पेरिस।** रूस ने कहा है कि फ्रांस शांति की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि उसके ऊपर दबाव बढ़ा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी पत्रकार पावेल ज़ारुबिन से कहा कि फ्रांस शांति की राह पर नहीं है। फ्रांस रूस पर दबाव बढ़ाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वास्तविक स्थिति को नहीं समझ पाए और उनका मानना था कि दबाव उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि केवल इस बात पर खेद व्यक्त किया जा सकता है कि फ्रांसीसी राष्ट्र के प्रमुख वास्तविक स्थिति को नहीं समझते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने बार-बार रूस विरोधी बयान और प्रस्ताव दिए हैं।